www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 2 | आंचलिक 4 | अभिव्यक्ति 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, शुक्रवार 17 जून 2022, कृष्ण पक्ष तृतीया , विक्रम संवत-2079 वर्ष-06 अंक-54 पृष्ठ-08 मूल्य 4 रुपए भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान

आज बेबाक

कोरोना संक्रमितों को कई तरह की छोटी मोटी बीमारियां हो जाती है यह तो सुना था लेकिन कोरोना किसी की याददाश्त छीनकर उसे गजनी बना सकता है यह पहली बार हुआ है। ईडी की पूछताछ के दौरान नई दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन ने मासूमियत से कह दिया कि उन्हे कोरोना हुआ था इसलिए उनकी याददाश्त चली गई है। अब उन्हे याद नहीं कुछ, भूल गया सब कुछ बस यही बात न भूली ईडी...। उनकी याददाश्त वापस लाने के लिए ईडी को बहुत मशक्कत करनी पड़ेगी वरना सारे किए धरे पर झाड़ू लग जाएगा।

सूर्योदय

उदय : 5.23 प्रात:

अस्त : 7.21 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,954,295,590

भारत: 1,407,043,770

बाजार

सेंसेक्स : 51495.79

निफ्टी: 15360.60

गोल्ड : 51,870 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,150 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.92 प्रति नग

आज का दिवस

विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस

विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस हर साल 17 जून को मनाया जाता है। यह दिन मरुस्थलीकरण और सूखे की उपस्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मरुस्थलीकरण को रोकने तथा सूखे से उबरने के तरीकों पर प्रकाश डालने के लिए मनाया जाता है। 1994 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कठिनाई के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए 17 जून को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस घोषित किया। विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस हर किसी को यह याद दिलाने का एक अनूठा अवसर हो सकता है कि मरुस्थलीकरण से अक्सर प्रभावी ढंग से निपटा जाता है, कि समाधान संभव हैं, जो वर्तमान उद्देश्य के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं जो कम से कम स्तरों में मजबूत सामुदायिक भागीदारी और सहयोग में निहित हैं। इसका उद्देश्य है भूमि के अपरदन को रोका जा सके जिससे वह बंजर न हो।

नैतिक जीवन मूल्य में हो रहा पतन चिंतनीय : राज्यपाल पटेल

राज्यपाल आई.ई.एस. पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

पालक और शिक्षक, बच्चों को संस्कार और नैतिक मूल्य का सुरक्षा कवच प्रदान करें

भोपाल/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने समाज में नैतिक जीवन मूल्य में हो रहेपतन परचिंता व्यक्त की है। उन्होंने किशोर द्वारा माता की हत्या की घटना के प्रसंग में कहा कि हर नई तकनीक और अनुसंधान के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव होते हैं। यह परिवार और विद्यालय का दायित्व है कि वे बच्चों को जीवन में सकारात्मकता का दिग्दर्शन करायें। बच्चों को नकारात्मकता के विरूद्ध भारतीय संस्कारों और नैतिक मूल्यों का सुरक्षा कवच प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्वस्थ शरीर के लिए सभी अंगों का स्वस्थ होना जरूरी है। उसी तरह स्वस्थ समाज के लिए सभी वर्गों और समुदायों का विकास आवश्यक है। जरूरी है कि समाज का समर्थ और सक्षम वर्ग, वंचितों के विकास का दायित्व ग्रहण कर उनका सहयोग करें। राज्यपाल श्री पटेल, आई.ई.एस. पब्लिक स्कूल सीहोर के 5वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को विद्यालय के सभागार में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चे फूल की तरह कोमल और इनका मन मिट्टी की तरह नरम होता है। बाल-मन और मस्तिष्क पर माता-पिता और शिक्षकों के संस्कारों का सर्वाधिक प्रभाव होता है। बच्चा बड़ा होकर कैसा बनेगा, यह परिवार और स्कूल का वातावरण तय करता है। उन्होंने पालकों से अपेक्षा की कि वे बच्चों के सामने संयत भाषा और शुद्ध आचरण करें। पति-पत्नी में मतभेद अथवा **शेष पृष्ठ 7 पर**

अग्निपथ स्कीम पर भड़की देश में आग

नई दिल्ली (ए.)। सेना में भर्ती के लिए सरकार की ओर से घोषित की गई अग्निपथ स्कीम का तीव्र विरोध देश के राज्यों में शुरू हो गया है। मंगलवार को इस स्कीम का ऐलान किया गया था और बुधवार सुबह ही बिहार के कई जिलों में छात्रों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। यही नहीं गुरुवार को एक बार फिर से मुंगेर, कैमूर, सहरसा, छपरा समेत कई जिलों में छात्र विरोध के लिए उतरे हैं।

कैमूर में छात्रों ने इंटरसिटी एक्सप्रेस को आग के हवाले कर दिया तो कई जगहों पर सड़क जाम कर टायरों में आग लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली-जयपुर हाईवे को भी छात्रों ने राजस्थान में जाम कर दिया है। यूपी के बरेली में सेना की तैयारी कर रहे युवाओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। **शेष पृष्ठ 7 पर**

अग्निपरीक्षा नहीं यह 'मौका' है, सरकार ने फायदे गिनाए

केंद्र सरकार की सेना में भर्ती की 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ देशभर में आक्रोश देखा जा रहा है। बिहार से हरियाणा तक आंदोलन हिंसक होता जा रहा है। युवाओं को समझाने के लिए अब सरकार ने अनौपचारिक रूप से एक फैक्ट शीट जारी की है। इसका टाइटल है, ' अग्निपथ, मिथक बनाम तथ्य।' इस शीट के जरिए सरकार ने अपना पक्ष रखने की कोशिश की है। योजना को लेकर जो सवाल उठाए जा र हे हैं उनके जवाब इसमें दिए गए हैं।

बिहार में 22 ट्रेन कैंसल, सरकार ने फायदे गिनाए

गुस्साए छात्र बोले- सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेला

केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में देशभर के विभिन्न हिस्सों में लगातार दूसरे दिन भी युवाओं का विरोध-प्रदर्शन जारी है। बुलंदशहर में सड़क पर उतरे आक्रोशित छात्रों ने कहा कि सरकार ने अग्निपथ योजना के जरिए युवाओं के बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि हम सरकार की ये तानाशाही नहीं सहेंगे।

खुशखबरी...मप्र में आया मानसून: खंडवा-बैतूल से एंट्री

भोपाल में तेज बारिश; अशोकनगर में बिजली गिरने से महिला की मौत

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में मानसून का इंतजार खत्म हुआ। मानसून की एंट्री गुरुवार को खंडवा-बैतूल के रास्ते हो गई। इधर गुरुवार को भोपाल में दिनभर की गर्मी और उमस के बाद शाम को बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों को दिनभर की गर्मी से राहत मिली। इसके अलावा खजुराहो, नरसिंहपुर, बैतूल, नौगांव, दमोह, सतना, रीवा, मलाजखंड, ग्वालियर, गुना में भी शाम तक बारिश रिकॉर्ड की गई।

मध्यप्रदेश में बीते 12 साल में पांचवीं बार सबसे पहले आया मानसून। वर्ष 2011 में सबसे पहले 10 जून को मानसून ने मध्यप्रदेश में एंट्री की थी। मानसून आते ही बैतूल, भिंड में डेढ़-डेढ़ इंच, मंदसौर और खंडवा में एक-एक इंच, ग्वालियर, दतिया, सीहोर व विदिशा में आधा-आधा इंच बारिश हुई। शिवपुरी, नर्मदापुरम, रायसेन और पचमढ़ी में भी बारिश हुई। पचमढ़ी में करीब 1 इंच बारिश हुई। भोपाल और इंदौर में अगले 72 घंटे के अंदर मानसून की एंट्री हो सकती है। भोपाल से पहले इंदौर में मानसून पहुंचेगा।

अशोकनगर में बिजली गिरने से महिला की मौत

अशोकनगर में गुरुवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 55 साल की महिला की मौत हो गई। महिला अपने घर से कुछ दूर आम के पेड़ के नीचे हवा चलने की वजह से नीचे गिरे आम को बीन रही थी। इसी दौरान बारिश होने लगी और महिला पेड़ के नीचे बैठ गई। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी। जिससे महिला की मौत हो गई । बुधवार तक मानसून के पहले की बौछारें गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में पड़ने लगी थीं। गुरुवार को ये मध्यप्रदेश के महाकौशल-विंध्याचल के साथ ही छत्तीसगढ़, झारखंड और **शेष पृष्ठ 7 पर**

गलवान के शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता: राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो वर्ष पहले पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

दो दिन की जम्मू कश्मीर यात्रा पर गए रक्षा मंत्री ने गुरुवार को एक ट्वीट संदेश में कहा, गलवान के नायकों को याद कर रहा हूँ जिन्होंने देश के सम्मान की रक्षा के लिए बहादुरी के साथ लड़ते हुए 15 और 16 जून 2020 को सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके साहस, बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा। मैं इन सभी बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता **शेष पृष्ठ 7 पर**

कुएं में गिरी बोलेरो, बच्चे समेत 7 की मौत: छिंदवाड़ा में शादी से लौट रहे थे बाराती

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। छिंदवाड़ा में बारातियों से भरी बोलेरो 30 फीट गहरे कुएं में जा गिरी। हादसा सामने से आ रहे बाइक सवारों को बचाने की कोशिश में हुआ। हादसे में 7 लोग मारे गए। इनमें एक 3 साल का बच्चा है। 3 लोग घायल हुए हैं। घटना मोहगढ़ थाना इलाके के कोडमाऊ में बुधवार देर रात की है। गुरुवार सुबह बोलेरो को कुएं से बाहर निकाला गया। हादसे में तीनों बाइक सवार भी घायल हुए हैं। उमरानाला चौकी के ASI बघेल ने बताया कि बुधवार रात करीब 1 बजे एक बोलेरो मोहखेड़ के भाजीपानी से बारातियों को लेकर लौट रही थी। सामने से एक बाइक पर तीन लोग आ रहे थे, जिन्हें बचाने की कोशिश में ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। बोलेरो सड़क किनारे खेत में बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरी। कुआं सूखा था। सामने की सीट पर बैठे 3 साल के बच्चे समेत 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों के रिश्तेदार पवन **शेष पृष्ठ 7 पर**

अस्पताल में हैं सोनिया गांधी, राहुल ने ईडी से मांगा पूछताछ के लिए तीन दिन का और वक्त

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ का सामना कर रहे राहुल गांधी ने प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखकर सोमवार तक के लिए छूट की मांग की है। इससे पहले सोमवार से बुधवार तक उनसे लगातार तीन दिन तक पूछताछ की गई थी। एजेंसी ने उन्हें गुरुवार को भी आने को कहा था, लेकिन उन्होंने एक दिन का ब्रेक लेने की बात कही थी। ऐसे में उन्हें शुक्रवार को एक बार फिर से एजेंसी के दफ्तर में पेश होना था। इससे पहले भी उन्होंने मां के अस्पताल में भर्ती होने और उनके साथ वक्त गुजारने की बात पर ही एक दिन की छुट्टी ली थी।

फिलहाल राहुल गांधी गंगाराम अस्पताल में ही हैं, जहां सोनिया गांधी इलाज के लिए एडमिट हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी भी सोनिया गांधी **शेष पृष्ठ 7 पर**

माफी स्वीकार नहीं, कोर्ट जाएगी एसजीपीसी

सिखों पर दिए बयान पर घिरीं किरण बेदी

चंडीगढ़ (ए.)। देश की पहली महिला आईपीएस अफसर और पुदुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी इन दिनों अपने एक बयान को लेकर विवादों में हैं। सोमवार को चेन्नई में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान किरण बेदी ने '12 बजे' वाला एक जोक सिखों को लेकर बोला था। इसके बाद उनकी आलोचना होने लगी। इसी कड़ी में अब उनकी टिप्पणी की शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने निंदा की है। साथ ही उनके खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी भी कर रही है।

दरअसल, किरण बेदी को सिख इतिहास पढ़ने की सलाह देते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने बुधवार को कहा कि सिखों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए एसजीपीसी उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि किरण बेदी को सिख इतिहास पढ़ना चाहिए कि कैसे सिखों ने अब्दाली के शासन के समय 12 बजे आक्रमणकारियों को रोका।

उनकी इस टिप्पणी वाला वीडियो तेजी से वायरल हो गया। पंजाब की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने भी इस **शेष पृष्ठ 7 पर**

सावधान! भारत में चौथी लहर की आहट, 24 घंटे में सामने आए 12 हजार से अधिक नए केस

नई दिल्ली। भारत में कोरोना की चौथी लहर ने लगभग दस्तक दे दी है। लगातार नए मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 12 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। आपको बता दें कि फरवरी के बाद पहली बार 10 हजार का आंकड़ा पार किया है।

भारत में बीते 24 घंटे में 12,213 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 58,215 एक्टिव केस हो गए हैं, जो कि कुल मामलों का करीब 0.13 प्रतिशत है। रिकवरी रेट राहत देने वाली है। देश में फिलहाल 98.65 प्रतिशत की दर से लोग स्वस्थ हो रहे हैं। हालांकि, इसमें भी हाल के दिनों में कमी देखी गई है। बीते 24 घंटे की बात करें तो देश में कुल 7624 **शेष पृष्ठ 7 पर**

धर्मशाला पहुंचे पीएम मोदी, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

धर्मशाला । मुख्य सचिवों के पहले तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्मशाला पहुंच गए हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खुली जीप में सवार होकर रोड शो भी किया। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय से शुरू हुआ रोड शो केसीसीबी चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने पुष्प वर्षा कर पीएम मोदी का स्वागत किया। रोड शो के दौरान सड़क किनारे खड़े हुए सैकड़ों लोग पीएम पर गुलाब की पंखुड़ियां **शेष पृष्ठ 7 पर**

गरमा-गरम

समीक्षा ... फर्जीवाड़ा करने वालों को जेल भेजने की कार्यवाही करने के निर्देश

आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़ा नहीं होगा बर्दाश्त: सीएम चौहान

27 अस्पताल में अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही जारी

मुख्यमंत्री चौहान ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना में किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं होगा। योजना में बेहतर कार्य करें, जिससे मरीजों को उपचार कराने में कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि योजना में फर्जीवाड़ा करने वालों को जेल भेजने की कार्यवाही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय में आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा बैठक ले रहे थे। लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी, संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती प्रियंका दास सहित अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़ा असहनीय है। योजना में घोटाला नहीं चलने देंगे। यह मरीजों और सरकार के साथ धोखा है। घोटाला करने वालों की गिरफ्तारी के साथ उनकी अन्य गतिविधियों की जाँच भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी अस्पतालों की स्वास्थ्य विभाग द्वारा दल बनाकर जाँच कराई जाए। संदिग्ध पाये गए अस्पतालों में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की राशि नहीं दी जाएगी। कॉल सेंटर एक्टिव रहें। मरीजों से पूछताछ करें कि वे भर्ती हैं या नहीं। प्रदेश के 27 अस्पताल में कमियाँ सामने आई हैं, जिन पर कड़ी कार्यवाही करें और आगे ऐसा न हो। संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि आयुष्मान में संबद्ध अस्पतालों में भर्ती मरीजों की चिकित्सकीय गुणवत्ता के लिए औचक निरीक्षण कराया गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या की जाँच की गई। ऑडिट इंस्पेक्शन टीम द्वारा मरीजों से अतिरिक्त राशि तो नहीं ली जा रही है। जाँच की गई कि चिकित्सालयों द्वारा बीमारी के अनुसार ही उपचार उपलब्ध कराया गया है या नहीं और उसी उपचार की राशि सरकार से क्लेम की गई है या नहीं। बताया गया कि उपचार में गुणवत्ता का ध्यान रखे जाने का भी परीक्षण कराया गया।जाँच में पाया गया कि कुछ अस्पतालों द्वारा फर्जी मरीजों को भर्ती कर फर्जी दस्तावेज पोर्टल पर समिट किए गए। निरीक्षण टीम द्वारा ऐसे सभी प्रकरणों के क्रियान्वयन में राज्य शासन एफआईआर एवं उचित विधिक कार्यवाही कराई गई। ऐसे समस्त अस्पतालों को जो योजना का दुरूपयोग कर रहे हैं उन्हें योजना से असम्बद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है। मरीजों को निःशुल्क उपचार न देते हुए उनसे अतिरिक्त राशि की मांग की जाने संबंधी प्रकरणों में तीन गुना अतिरिक्त अर्थदण्ड अधिरोपित किया जा रहा है। अस्पतालों की जाँच का कार्य निरंतर जारी रहेगा। मरीजों से इलाज के दौरान और बाद में फीडबेक लिया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना, मध्यप्रदेश द्वारा स्व-प्रेरणा से **शेष पृष्ठ 7 पर**

विश्व रक्तदाता दिवस पर हुआ समूह के टी शर्ट का विमोचन

भाटापारा/नवप्रदेश। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सर्वधर्म रक्तदाता समूह द्वारा आयोजन किया गया और इस दौरान समूह के टी शर्ट विमोचन करने के पश्चात सभी रक्तदाताओं को टीशर्ट वितरण कर सम्मान किया गया। मंच में अतिथि के रूप में डॉ. विकास आडिल, डॉ. अमित विजय घटगे, डॉ. किशन आडिल, अमरजीत सिंह सलूजा व संतोष श्रीवास उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन परिचय मिश्रा द्वारा किया गया। समूह के संरक्षक विवेक ठाकुर ने बताया की प्रदेश व जिला के पदाधिकारियों को मोमेंटो व समस्त रक्तदाताओं को टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत डॉ. विकास आडिल द्वारा रक्तदान के महत्व व फायदे बताए गए। कार्यक्रम में समूह के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुर्रे, कुमेश साहू, भूपेंद्र साहू, साहिल कुर्रे, कुणाल वर्मा, ज्ञानेश्वर रजक, रोशन बंजारे, अमित, वाल्मीकि, दीपक कन्नौजे, हिमांशु वर्मा, डीके वर्मा कृष्णकांत कुर्रे कमल गुफ्ता, नरेश इक्का, गजेंद्र ध्रुव व संजू वर्मा उपस्थित थे।

पूर्व सीएम ने मोदी सरकार की गिनाई उपलब्धिया, नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस को घेरा

2 मोदी ने 8 सालों में अथक परिश्रम कर, गरीब, किसान, महिला, हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया : डॉ. रमन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा पूरे देश में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत हितग्राही सम्मेलन एवं विविध आयोजनों का सिलसिला चल रहा है। जिसके अंतर्गत राजनांदगांव में महावीर चौक में आयोजित गरीब कल्याण जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को देश के लिए युग परिवर्तनकारी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 सालों में अथक परिश्रम कर, गरीब, किसान, महिला, बुजुर्ग, युवा हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए नरेंद्र मोदी ने ऐसी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन किया है, जिस के लागू होने पर गरीबों का वास्तविक रुप से कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक घर में शौचालय, हर घर में नल हो इस हेतु जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत योजना, घर-घर बिजली इत्यादि योजनाओं के माध्यम से देशभर के गरीबों के जीवन में एक विश्वास का भाव मोदी सरकार ने पैदा किया है। जिसके कारण जनसंघ से लेकर आज तक भाजपा जीतनी घोषणा पत्र में बातें किया करती थी, वह सभी बातें धीरे-धीरे पूरी हो रही है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, ट्रिपल तलाक एवं अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर अब कोर्ट के आदेश के बाद मूर्त रूप ले रहा है।

प्रदेश सरकार पर आरोपों की लगाई झड़ी

मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ डॉ रमन सिंह ने प्रदेश की भूपेश सरकार को भी जमकर लताड़ा और कहा कि कोरबा आज धनबाद बन गया है, जहां मंत्री का आरोप है कि कलेक्टर रिश्वत ले रहा है, वह भ्रष्ट है, परंतु 3 माह बाद भी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार ने अभी तक कोई खोज खबर नहीं ली है। किसान भूपेश के राज में सर्वाधिक परेशान हैं, जैविक खाद के नाम से वर्मी कंपोस्ट खाद लेना अनिवार्य कर दिया गया है। यूरिया, सुपर फास्फेट, डीएपी व्यापारियों के पास तो उपलब्ध है, परंतु सोसायटियों से गायब हो चुकी है। डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ सरासर छल किया जा रहा कांग्रेस का चरित्र शुरू से भ्रष्टाचार का रहा है।

गांधी परिवार पर भी बोला हमला

नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी द्वारा पूछताछ के बुलावे पर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन पर डॉ. रमन सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर आप बेदाग हैं तो जांच में सहयोग करना चाहिए, जैसा कि गुजरात के मुख्यमंत्री काल में नरेंद्र मोदी ने ईडी कार्यालय में अकेले जाकर प्रशासन को सहयोग दिया था और बेदाग बरी भी हुए थे। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुपयोग कांग्रेस की आदत बन चुकी है। कांग्रेस ने जनता की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त कर तानाशाही रवैया अपनाया था। दो हजार करोड़ के नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के पास अब जवाब नहीं बचा है, इसलिए कार्यकर्ताओं को सामने करके कांग्रेस भीड़ तंत्र के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोटना चाहती है। डॉ. रमन सिंह ने पूर्ववती कांग्रेस सरकार से लेकर मोदी सरकार के कार्यकाल में किए गए कार्यों के अंतर के आंकड़े भी विस्तार से बताएं।

संकुल स्तरीय शाला सुरक्षा प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। संकुल केंद्र बिजराडीह में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा का आयोजन 13 जून से 15 जून तक हुआ। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में राजेश शर्मा संकुल समन्वयक एवं द्वितीय प्रशिक्षक के रूप में इन्द्राणी साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सुरखी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंतर्गत मुख्यमंत्री सुरक्षा क्या है, विद्यालय में सुरक्षा क्यों, आपदाएं कौन-कौन सी है, अपने आसपास के जोखिम संरचनात्मक एवं गैर संरचनात्मक कौन कौन से है इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में हाई स्कूल बिजराडीह के सभी शिक्षक, मिडिल स्कूल बिजराडीह के सभी शिक्षक, प्राथमिक शाला बिजराडीह मिडिल स्कूल सुरखी , प्रथमिक शाला कलमिडीह ,प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल सुरखी, प्राथमिक शाला सेंदरी मिडिल एवं प्राथमिक शाला बोरसी के सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

धान का समर्थन मूल्य में 100 रुपए की बढ़ोतरी सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है : पवन

कवर्धा/नवप्रदेश। एक दिवसीय दौरे पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री पवन साहू भाजपा कार्यलय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल सिंह और जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर प्रेस वार्ता में शामिल रहे। पवन साहू किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री कवर्धा जिला किसान मोर्चा प्रभारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 2022-23 के लिए धन समेत अनेक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी की गयी है। केंद्र सरकार के आर्थिक मामलो की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिए गए इस फैसले से देश और खासकर छत्तीसगढ़ के किसानों में हर्ष का वातावरण निर्मित हुआ है। धान का समर्थन मूल्य में वृद्धि कर 1940 से 2040 रुपये प्रति क्विंटल किया जाना केंद्र सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। केंद्र सरकार द्वारा पिछ्ले 8 साल से किसानों के हित में अनेक फैसले लिए गए है जिसका लाभ देश तथा छत्तीसगढ़ के किसानों तक सीधा पहुंचा है। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद पिछले तीन सालों में धान का समर्थन मूल्य लगभग तीन सौ रूपये बढ़ा है लेकिन छग में भूपेश बघेल सरकार द्वारा इस बढ़ोत्तरी से किसानों को वंचित करने का कार्य किया जा रहा। ठीक उसी तरह जैसे मोदी जी द्वारा भेजे गए 5 किलो प्रति व्यक्ति के अतिरिक्त राशन से वंचित किया गया। इस मस्य के अलावा छोटे किसानो को भाजपा की मोदी सरकार 6 हजार रूपये प्रति वर्ष किसान सम्मान निधि के तौर पर अतिरिक्त देती है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर ने बताया कि कवर्धा एवं सूरजपुर जिले समेत कई जिलो के शक्कर कारखानों के भुगतान की राशि किसानों को राज्य सरकार द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। पिछ्ले साल के बोरा का पैसा भी किसानों को नहीं मिला है। रकबा काटने के चलते प्रदेश के कई किसानों ने आत्महत्या किया जिसे प्रशासनिक थूक बताया गया लेकिन मृतक किसान के परिवार को एक रूपये भी मुआवजा नहीं दिया गया।

शिशु मंदिर में लगेगा पांच दिवसीय योग शिविर

नवागढ़/नवप्रदेश। धर्म सभा नवागढ़ नगर के तत्वाधान में विश्व योग दिवस के अवसर पर आगामी 17 जून से 21 जून तक पंच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस योग शिविर में योग शिक्षक के रूप में भरत साहू, मिलाप साहू एवं दिलीप जायसवाल योग और प्राणायाम की प्रशिक्षण देंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 5 से 7 तक सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जावेगा। धर्म सभा नवागढ़ नगर के सदस्यों ने कहा कि आज योग का महत्व सारे विश्व को विदित है कि नियमित योग करने से मारा तन मन स्वस्थ होता है। इसी कामना को लेकर हम नगर के समस्त नागरिकों से आह्वान करते है कि इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ उठावें।

एक्सीडेंट कर फरार हुई गाड़ी को सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने पकड़ा

राजनांदगांव//नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी भापुसे मयंक गुर्जर के नेतृत्व में यह पहला मौका है जब फरियादी के पहुंचने ही पुलिस ने कार्यवाही कर दी। मंगलवार को हुए वाहन दुर्घटना में हिट एंड रन मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र की गाड़ी को डोंगरगांव थाने में त्रिनेत्रम अभियान में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पकड़ा लिया है। घटना दोपहर साढ़े 12 बजे की है। जब राजनांदगांव निवासी हरीश मेश्राम पिता हेमराज मेश्राम 55 वर्ष अपने मोपेड से सीजी 08-एनबी 8333 से डोंगरगांव से राजनांदगांव जा रहे थे कि तभी पीछे से आ रहे मालवाहक एमएच 29-बीई 5087 के चालक ने ठोकर मार कर फरार हो गया। घटना में पीड़ित को सिर में गंभीर चोटें आई, जहां उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत रिफर करने की खबर है।

गुरुद्वारा में हुआ सुखमनी साहब का पाठ

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री गुरु अर्जन देव जी प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा 40 दिन का सुखमनी साहब जी का पाठ की सेवा की गई। अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि ये सेवा खालसा स्त्री सत्संग भाटापारा के द्वारा की गई, और ये सेवा खालसा स्त्री सत्संग के द्वारा विगत 25 वर्षो से की जा रही है। समाज के द्वारा सुरेंद्र कोर सलूजा और हरजीत कौर गुंबर को सौरोपा दे कर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की सभी प्रमुख महिलाएं उपस्थित थी।

ग्रेप्पलिंग कमेटी ऑफ इंडिया की वार्षिक बैठक में शामिल हुए आदित्य

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय कुश्ती संघ से मान्यता प्राप्त ग्रेप्पलिंग कमेटी आफ इंडिया के द्वारा 13 जून को नई दिल्ली के कांस्टिटूइशनल क्लब ऑफ इंडिया के भवन में ग्रेप्पलिंग कमेटी आफ इंडिया की दूसरी वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें पूरे भारत वर्ष से 22 राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कुश्ती संघ के सहायक सचिव विनोद तोमर, ग्रेपललिंग कमेटी आफइ ंडिया के चेयरमैन दिनेश कपूर, महासचिव बिरजू शर्मा के साथ समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ से आदित्य सिंह कार्यकारी अध्यक्ष ग्रेप्पलिंग कमेटी आफ छत्तीसगढ़ बैजनाथ गुप्ता सदस्य ग्रेपललिंग कमेटी आफ छत्तीसगढ़ बतौर प्रतिनिधि के रूप में वार्षिक आम सभा में शामिल हुए।

जमीनी हकीकत जानने सीएससी सेंटर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री वर्मा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार के आठ वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी सचाई जानने सुक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम केन्द्रीय राज्यमंत्री भानूप्रताप वर्मा तीन दिवसीय दौरे पर राजनांदगांव पहुंचे। राजनांदगांव जिले में संचालित हो रहे केन्द्र सरकार की अलग-अलग योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार में सीएससी सेंटर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जिले में दो हजार से अधिक सीएससी सेंटर संचालित हैं, जो सीधे हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं की सटीक जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करते है। केन्द्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा शहर के लखोली नाका चौक में संचालित जलाराम ऑनलाईन सीएससी सेंटर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र के संचालक हर्षद सवाणी से उनके संस्था में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जाना। उन योजनाओं में सबसे लोकप्रिय योजनाओं के लाभान्वितों से भी मुलाकात की और मौके पर एमएसएमई, ई-श्रमिक कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड वितरण किया। केन्द्रीय मंत्री के साथ सांसद संतोष पाण्डे, सीएससी स्टेटहेड मदनमोहन राऊत, ई-डिस्ट्रीक प्रबंधक सौरभ मिश्रा, सीएएसी जिला प्रबंधक आशीष स्वर्णकार एवं रवि सोनी, एसडीएम अरूण वर्मा सहित बड़ी संख्या में सीएससी सेंटर के संचालक मौजूद थे।

क्षेत्र के छह ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की मिली सौगात

2 संसदीय सचिव के प्रयास से 25 लाख की मिली स्वीकृति, ग्रामीणों ने जताया आभार

महासमुंद/नवप्रदेश। क्षेत्र के छह ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से उक्त विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है। गुरूवार को ग्राम पंचायत बेलटुकरी के सरपंच सोनसाय निर्मलकर, उपसरपंच श्यामलाल पटेल, पंच अमृत गायकवाड़, शशि साहू, हरिशंकर साहू, रेखु पटेल, उदे पटेल, घांसु निषाद, डिगेश्वर सत्यम, मनोज ढीढी, सचिन पटेल, गोवर्धन बघेल, मुकेश पटेल, डेरहा धीवर, संतोष धीवर आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की। पंचायत प्रतिनिधियों ने मुलाकात के दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर को बताया कि यहां लंबे समय से पुल निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सात लाख रूपए की राशि स्वीकृत कराई गई है। इसी तरह ग्राम पंचायत भोरिंग में पांच लाख की लागत से सहदेव सेन के घर से मेहर मोहल्ला तक पेवर ब्लॉक निर्माण, ग्राम पंचायत बिरकोनी में पांच लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत मचेवा में तीन लाख की लागत से किशन साहू के घर से सरस्वती शिशु मंदिर तक नाली निर्माण, ग्राम पंचायत लखनपुर में तीन लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण व ग्राम पंचायत परसदा ख में दो लाख की लागत से रंगमंच निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। जिस पर अरूण चंद्राकर, खिलावन साहू, ढेलू निषाद, गिरधर आवड़े, संतोष साहू, बाहरू साहू, अश्वनी गिलहरे, रविंद्र चंद्राकर, हुलासगिरी गोस्वामी, रेखराज पटेल, जीवन यादव, परमेश्वर साहू, चमन सिन्हा, शेखर चंद्राकर, माखन सिन्हा, चंदन चंद्राकर, शिव पटेल, कुलेश्वर ठाकुर, आकाश निषाद, राजू यादव, किशन देवांगन, सेवाराम साहू, सुखदेव साहू, लीलू साहू, रामजी साहू, दारा साहू, कमलेश चंद्राकर, आलोक नायक, सीटू सलूजा, हेमंत डडसेना, अतुल गुप्ता, सोनू राज, डागा साहू, लमकेश्वर साहू, विक्की पटेल, रामजी ध्रुव, मयाराम टंडन, राजू दीवान, कृष्ण पटेल, कार्तिक पटेल आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

घुमका ब्लॉक युवा कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए विधायक बघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। घुमका ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के विधायक भुनेश्वर बघेल शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस के त्याग, तपस्या एवं बलिदान पर विचार रखे गए। कांग्रेस के इतिहास, बलिदान एवं कांग्रेस पार्टी के बारे में विस्तृत प्रोजेक्ट्स के माध्यम से बताया गया। युवा कांग्रेस के तरफ से विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, ब्लॉक युवा अध्यक्ष गंभीर साहू, रमाकांत साहू, उपाध्यक्ष मिथलेश चंद्रवंशी, राजेश सान, अमित राजपूत, अमन दुबे सहित युवाओं ने अपने वक्तव्य रखे। सभी में एक स्वर से कहा कि आज भूपेश-भुनेश्वर बघेल की सरकार युवाओं के लिए अच्छा काम कर रही है। मान-सम्मान दे रही है, सभी ने 2023 पुनः भूपेश-भुनेश्वर बघेल की सरकार बनने की बात कही। विधायक बघेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि युवा देश के निर्माता है। कांग्रेस ने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किये है। आप सभी के बदौलत 2023 में पुनः सरकार बनने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्र के युवाओं की उपस्थिति रही।

पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री के लिए 10 अगस्त तक आवेदन

कवर्धा/नवप्रदेश। पद्म पुरस्कार के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों, विषयों जैसे, कला, साहित्य और शिक्षा, खेल चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरी, सार्वजनिक मामलों आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों से संबंधित जानकारी और नियमावली वेबसाईट पर उपलब्ध है। पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य, पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा संलग्न प्रपत्र में दिये गये निर्देशानुसार 10 अगस्त 2022 तक खेल अधिकारी, खेल एवं कल्याण विभाग कबीरधाम को भेज सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मविभूषण, पद्मभूषण एवं पद्म श्री के लिए 15 सितंबर 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस हेतु httpsÑ// padmaawards.gov. in पर आवेदन करना होगा।

खेल एवं युवा कल्याण के जिला खेल अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों जिसमें कला, साहित्य और शिक्षा के साथ ही खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों व सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी से कार्यालयीन दिवस व समय पर संपर्क किया जा सकता है।

कन्या क्रीडा परिसर में प्रवेश हेतु होगी चयन परीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री जे.आर. नागवंशी ने बताया है कि कन्या क्रीडा परिसर अम्बिकापुर में प्रवेश भर्ती 28 जून को हाई स्कूल तथा 29 जून को मिडिल स्कूल की चयन परीक्षा प्रातः 9 बजे से कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राएं आमंत्रित की गई है । कक्षा 6 वीं के लिए 11 वर्ष, 7 वीं के लिए 12 वर्ष एवं 8 वीं के लिए 14 वर्ष निर्धारित की गई है।

चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एवं एक रंगीन फोटो लाना होगा। साथ ही उन्हें मैदान में स्पोर्ट किट (टी-शर्ट, निकर एवं जूता) के साथ उपस्थित होना होगा। चयन प्रक्रिया में 10 टेस्ट 50/100 मीटर दौड़ , सीट-अप 10/15 सेकेण्ड, पुश-अप 10/15 सेकेण्ड, बाल थ्रो, शटल रन-06 सेकेण्ड, लंबी कूद, स्टैण्डिंग ब्राण्ड जम्प-10 से.मी. एवं 400-500 मीटर दौड़-सहन शक्ति की परीक्षा ली जाएगी।

संसदीय सचिव ने किया पाठ्य पुस्तकों के साथ ही गणवेश वितरण

2 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

महासमुंद/नवप्रदेश। गुरूवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर ने की। विशेष के अतिथि के रूप में सरपंच दूजराम साहू, रेवाराम साहू, रामभरोसा साहू, रामशरण पटेल, मानिक साहू मौजूद थे।

पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को निष्ठापूर्वक पढ़ाई करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे कड़ी मेहनत व अनुशासन के बल पर हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर राइड कराई जाएगी। जिससे अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रोत्साहित हो सकेंगे। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। अंग्रेजी माध्यम वाले स्कूलों की तर्ज पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने का फैसला ऐतिहासिक है। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत बालिकाओं को निशुल्क साइकिल के साथ ही स्कूली बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों व गणवेश का वितरण भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील शर्मा, मनोज यादव, प्राणसिंह ध्रुव, हमीद कुरैशी, सुभाष शर्मा, रहीम चौहान, रमेश शर्मा, पुष्पा ध्रुव, अशोक साहू, किसनू यादव, प्रेमलाल साहू, अशोक साहू आदि मौजूद थे।

भोपाल में मासूम को नोंच खा गए आदमखोर कुत्ते: रात को साइकिल चलाने निकला था, सुबह झाड़ियों में मिला शव

भोपाल / नवप्रदेश। भोपाल में आदमखोर कुत्तों ने 8 साल के मासूम को नोंच-नोंचकर मार डाला। कुत्ते बच्चे की कमर के नीचे के हिस्से को खा गए। घटना मिलिट्री एरिया की है। बच्चा बुधवार रात से लापता था। बच्चे को ढूंढने जब मां पहुंची, तो उसके होश उड़ गए। निशातपुरा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिवार वालों को सौंप दिया। इधर, नगर निगम कुत्तों के साथ ही जंगली जानवर द्वारा शिकार किए जाने की आशंका भी जता रहा है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर ही स्थिति स्पष्ट होगी। बता दें कि राजधानी में पिछले छह महीने में यह दूसरी बड़ी घटना है। दिलदहलाने वाली ताजा घटना द्रोणांचल मिलिट्री एरिया में रात 11 से सुबह 4 बजे के बीच की है। 8 साल का रितेश भमोरे उसकी मां प्रीति के साथ मिलिट्री स्टेशन के सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। बच्चे की मां मिलिट्री अफसर के यहां काम करती है, जबकि पिता भीमा खंडवा में मजदूरी करते हैं। घर में प्रीति अपने दो बेटों के साथ रहती है। इसमें से रितेश बड़ा था। छोटे बेटे की उम्र 4 साल है।

रात में साइकिल चलाने के लिए निकला था

निशातपुरा टीआई महेंद्र सिंह ने बताया कि रितेश रोजाना रात 9 से 12 बजे के बीच साइकिल चलाता था। बुधवार रात में 9 बजे वह साइकिल चलाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान मां की नींद लग गई। वह छोटे बेटे के साथ सो गई। सुबह 4 बजे उसकी नींद खुली, तो बेटा रितेश नहीं दिखा। वह बेटे की तलाश में निकली। घर से करीब 500 फीट दूर जाकर देखा, तो झाड़ियों में बच्चे के शरीर को 5-6 कुत्ते नोंच रहे थे। ये देखते ही प्रीति चीख उठी। जानकारी लगने पर निशातपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। टीआई ने

बताया कि कुत्तों ने बच्चे के शव का निचला हिस्सा पूरी तरह से खा लिया था।

आसपास कुत्तों के झुंड

पुलिस ने जब आसपास के लोगों से चर्चा की तो पता चला कि इलाके में कुत्तों के कई झुंड हैं, जो पांच-छह की संख्या में घूमते हैं। कई बार राहगीरों के पीछे काटने के लिए दौड़ते हैं।

जंगल से घिरा है एरिया

नगर निगम अफसरों का कहना है कि यह इलाका जंगल से घिरा है। यहां कई जंगली जानवर भी देखे जा सकते हैं। बच्चा कल रात से लापता था। सुबह उसका शव मिला। अभी तक इस बात के सबूत नहीं हैं कि कुत्तों ने हमला किया था। आशंका है कि जंगली जानवरों ने हमला किया हो। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी।

जनवरी में भी मासूम को नोंचा था

भोपाल के बागसेवनिया इलाके में 1 जनवरी 2022 को चार साल की बच्ची पर 5 आवारा कुत्तों ने अटैक कर दिया था। बच्ची के सिर, कान और हाथ में गहरे घाव हुए थे। चेहरे के साथ ही पेट, कमर और कंधे पर भी चोट लगी थी। इसके बाद खूब हो-हल्ला हुआ था। हाईकोर्ट ने मामले को संज्ञान में लेकर कलेक्टर और निगम कमिश्नर से जवाब मांगा था। वहीं, ष्टरू शिवराज सिंह चौहान ने भी नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद निगम ने कुत्तों को पकड़ने की मुहिम शुरू की थी, जो कुछ दिन बाद ही ठंडी पड़ गई। अब फिर से आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है।

डेढ़ महीने बाद फिर बच्ची को नोंचा

26 फरवरी को ई-6 वर्धमान ग्रीन पार्क के पास अशोका गार्डन में घर के सामने खेल रही 6 साल की बच्ची को कुत्तों ने घेर लिया था। बच्ची निमिशा को 3 से 4 कुत्ते नोंचने लगे थे। तभी पड़ोसियों और परिजनों ने दौड़कर कुत्तों को भगाया था। बावजूद कुत्तों ने पैर में काट लिया था। गहरा जख्म होने से निमिशा को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

इन जगह पर भी आतंक

कोलार के नयापुरा, गेहूंखेड़ा, ललितानगर में भी कुत्तों के झुंड हैं, जो हर आने-जाने वालों के पीछे दौड़ लगाते हैं।

जम्मू में आतंकियों से लड़ते हुए छिंदवाड़ा का बेटा शहीद: मां की तबीयत बिगड़ी

गर्भ से; कल गृहनगर लाया जाएगा शव

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। छिंदवाड़ा से लगे ग्राम रोहना के शंकर खेड़ा में रहने वाले भारत यदुवंशी जम्मू में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान ग्रेनेड हमले से शहीद हो गए। भारत यदुवंशी के शहीद होने की खबर लगते ही पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अपने जवान बेटे इस शहादत की खबर लगते ही उनकी मां की तबीयत बिगड़ गई वही घर में उनकी पत्नी और बच्चों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। छिंदवाड़ा के शंकर खेड़ा रहने वाले 28 वर्षीय भारत यदुवंशी ने साल 2015 में आर्मी जॉइन की थी।

बुधवार शाम को हुई थी मुठभेड़

भारत यदुवंशी जम्मू कश्मीर के दुर्ग मुला क्षेत्र के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों के साथ तैनात थे। यहां उनकी बुधवार शाम को आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वे ग्रेनेड के हमले से बुरी तरह घायल हो गए थे। देश की रक्षा करते-करते उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

शनिवार को होगा अंतिम संस्कार

परिजन के मुताबिक शहीद भारत यदुवंशी

का शव शनिवार को छिंदवाड़ा पहुंचेगा, जहां उनका पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। भारत के शहीद होने की खबर लगते ही पूरे जिले भर में शोक की लहर है वही काफी संख्या में लोग उनके घर पर इकट्ठा हो गए तथा शोक संतप्त परिवार को अपनी संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

गर्भवती पत्नी की हालत बिगड़ी, मां भी हुई बेसुध

देश की सेवा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले भारत यदुवंशी की धर्म पत्नी उर्मिला यदुवंशी की हालत बिगड़ गई है। उर्मिला 4 माह की गर्भवती है ऐसे में पति के निधन की खबर लगते ही उनकी तबीयत बिगड़ गई । उर्मिला के साथ उनकी दो छोटी-छोटी बेटियां भी रो-रोकर बेहाल हो गई है। वही अपने बेटे के शहीद होने की खबर सुनते ही उनकी मां श्रीमती सुशीला यदुवंशी की तबीयत खराब हो गई।

उनके पिता ओंकार यदुवंशी के आंसू नहीं रुक रहे हैं। अपने पति की मौत की खबर से पत्नी उर्मिला यदुवंशी और दो मासूम बच्चे भी रो-रोकर बेसुध हो गए हैं।

छोटा भाई भी फौज में

देश की सरहद पर आतंकवादियों के ग्रेनेडके ग्रेनाइट का निशाना बने भारत यदुवंशी का छोटा भाई नारद यदुवंशी भी बारामुला डिस्टिक में भारत मां की सेवा में सरहद पर तैनात है। उनके पिता ओमकार यदुवंशी की 6 एकड़ जमीन है। जिससे वह खेती किसानी कर अपने परिवार का निर्वहन करते हैं वहीं उन्होंने देश सेवा के लिए अपने दोनों बेटे को सरहद पर भेजा था जिसमें से एक बेटा भारत मां की रक्षा के दौरान शहीद हो गया।

प्रदूषण नियंत्रित कर रहा है पर्यावरण निगरानी केन्द्र

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण निगरानी केन्द्र से प्रदूषणकारी उद्योगों की सतत् निगरानी की जा रही है। इससे प्रदूषण की स्थिति निर्मित होने के पहले ही, उसे नियंत्रित कराने और उद्योगों को प्रदत्त प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मापदंडों का पालन कराने में सहायता मिलती है। उद्योगों और संस्थानों आदि में स्थापित प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था के व्यवस्थित संचालन एवं आवश्यकता अनुसार सुधार कार्यों पर भी निगरानी रखी जाती है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्देशित 17 प्रकार के अति-प्रदूषणकारी उद्योगों को भी प्रदेश में चिन्हित कर उनकी सतत् निगरानी की जा रही है। प्रदूषण की दृष्टि से लाल एवं नारंगी श्रेणी में चिन्हित अपेक्षा से अधिक प्रदूषण भार वाले उद्योग सतत् निगरानी के दायरे में हैं। उद्योगों द्वारा सतत् स्त्रोत उत्सर्जन मापन उपकरण (ष्टश्वरूस्), सतत् दूषित जल गुणवत्ता मापन उपकरण (ष्टश्वक्तरूस्), सतत् परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन उपकरण (ष्टक्तरूस्) और आईपीपीटीज़ेड कैमरा आदि व्यवस्थाएँ स्थापित हैं। पर्यावरण निगरानी केन्द्र को इनके माध्यम से लगातार प्रदूषण की स्थिति की जानकारी मिलती रहती है। उद्योगों के अतिरिक्त कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट, नगरीय अपशिष्ट, औद्योगिक खतरनाक अपशिष्ट, औद्योगिक निस्त्राव आदि उपचारित करने वाली सुविधाओं से होने वाले प्रदूषण की निगरानी भी इसी केन्द्र से की जाती है। वर्तमान में प्रदेश में 101 अति-प्रदूषणकारी प्रकृति के उद्योगों में से अधिकांश उद्योगों द्वारा सतत् निगरानी उपकरण स्थापित कर लिये गये हैं। इसके अलावा 102 अन्य प्रमुख प्रदूषणकारी उद्योगों द्वारा भी सतत् निगरानी उपकरण स्थापित किये गये हैं।

शिवपुरी में मौसम की पहली बारिश: शहर की निचली बस्तियों में भरा पानी, गर्मी से मिली राहत

शिवपुरी/नवप्रदेश। शिवपुरी में बारिश का दौर आखिरकार गुरुवार को शुरू हुआ, एक दिन पहले से छाए बादल आखिर कार गुरुवार की दोपहर बरस पड़े, मानसून की पहली तेज बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाई तो वहीं बारिश के पहले दौर में ही कई निचली बस्तियों में पानी भर गया जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शिवपुरी शहर के आदर्श नगर कॉलोनी के शासकीय कन्या विद्यालय के सामने जल भराव की स्थिति वन गई जिसके चलते यहां से गुजरने वाले बच्चों सहित कालोनीवासियों को दिक्कतों को सामना करना पड़ा। क्षेत्रिय लोगों ने बताया कि थीम रोड के निर्माण के दौरान रोड़ निर्माण को सही से नहीं किया गया यहां एक नाले पर अतिक्रमण के कारण यहां पानी की निकासी नहीं है जिसके कारण जल भराव की स्थिति बन रही है। शहर में हुई एक घंटे की झमाझम वारिश ने कमलागंज, विवेकानंद कॉलोनी, रामबाग कॉलोनी में भी जलभराव की स्थिति बन गई जिसके चलते क्षेत्रीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिले में अभीतक 2.22 मि.मी. औसत बारिश दर्ज

शिवपुरी जिले में एक जून से अभी तक 2.22 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में विते वर्ष आज दिनांक तक 62.89 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी. है। विते वर्ष जिले में कुल 1452.9 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 06 मि.मी., नरवर में 7 मि.मी., करैरा में 1 मि.मी., पिछोर में 6 मि.मी. तथा अन्य तहसीलों बैराड़, पोहरी, कोलारस, बदरवास एवं खनियांधाना में शून्य वर्षा दर्ज हुई है।

भेड़ाघाट में इंस्टाग्राम रील बना रही छात्रा डूबी: छात्रा को बचाने आए छात्र और टीचर भी बहे

जबलपुर/नवप्रदेश। भेड़ाघाट में टीचर और दो स्टूडेंट्स नर्मदा में डूब गए। कटनी के विजयराघवगढ़ से टीचर और 8 स्टूडेंट्स का ग्रुप बुधवार दोपहर न्यू भेड़ाघाट में पिकनिक मनाने पहुंचा था। छात्र रेलिंग पार करके नदी के किनारे इंस्टाग्राम रील बनाने लगे। इस बीच छात्रा का पैर फिसल गया। उसे बचाने की कोशिश में एक छात्र और टीचर भी बह गए। छात्रा का शव घटना के 1 घंटे बाद चट्ड़टानों में फंसा हुआ मिला, लेकिन बचाने गए छात्र और

टीचर अब भी लापता हैं। छात्र अभिषेक चौधरी ने बताया कि टीचर राकेश आर्य (30) पैरामेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए लेकर आए थे। चार दोस्त प्रभाव लोधी, अनिल रैदास, सत्यम बारी और वह एक दिन पहले यानी सोमवार को ही जबलपुर आ गए थे, जबकि धनेश्वरी, खुशबू सिंह और राम साहू मंगलवार सुबह पहुंचे थे। हम सभी बचपन के दोस्त हैं। 8ह्लद्ध क्लास तक साथ पड़े हैं। सभी दीनदयाल चौक में एक होटल में रुके थे।

ऐसे पहुंचे भेड़ाघाट

अभिषेक ने बताया कि सीजीएस कॉलेज में एडमिशन लेने के बाद हम रूम देखने गए थे। हम वहां पहुंचे तो मकान मालिक नहीं थे। वह चाबी पड़ोसी को दे दिया करते थे और पड़ोसी भी घर पर नहीं थे। ऐसे में चाबी नहीं मिली और हम सबने मिलकर भेड़ाघाट जाने का प्लान बनाया। इसके बाद सभी ऑटो से भेड़ाघाट पहुंचे।

खुशबू ने कहा था- 4 साल यहीं रहना है...

छात्रा धनेश्वरी सोनी के मुताबिक भेड़ाघाट पहुंचने के बाद सभी रोपवे में घूमे। थकान महसूस होने पर हाथ-मुंह धोने के लिए संगमरमर के पत्थरों पर बैठ गए। साथी छात्र इंस्टाग्राम रील बनाने लगे। खुशबू ने उन्हें मना किया और कहा कि 4 साल तक हमें यहीं रहना है, बाद में रील बना लेंगे, लेकिन छात्र नहीं माने और इंस्टाग्राम में रील बनाने लगे। खुशबू उठने लगी, तभी वह डिस्बैलेंस होकर बहाव में गिर गई। टीचर राकेश ने हाथ पकड़कर बचाने की कोशिश की, लेकिन बहाव तेज होने की वजह से वह भी बह गए। दोनों को बचाने के लिए छात्र राम साहू ने भी कोशिश की, लेकिन वह भी नर्मदा के तेज बहाव में बह गया।

रूम को साफ कर खरीदारी करने की थी तैयारी

भेड़ाघाट घूमने के बाद छात्रों का प्लान फिर से रूम जाकर देखना था। साफ-सफाई कर बाजार से पलंग, बिस्तर आदि की खरीदारी करने की भी तैयारी थी। घटना के बाद छात्रों ने डायल 100 को कॉल किया, लेकिन कॉल नहीं लगा। स्थानीय लोगों ने तिलवारा थाने की पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद ही खुशबू का शव दिखाई दिया। गोताखोरों ने उसे निकाला। राम साहू और टीचर राकेश की खोज देर रात तक की गई।

जहर खाकर छत से कूदी बहू: छतरपुर में बांझ कहकर ताना मारती है सास, पति भी उठाता है चरित्र पर सवाल

छतरपुर/नवप्रदेश। छतरपुर में बांझ होने के ताने से परेशान महिला जहर खाकर छत से कूद गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 23 साल की इस महिला का कहना है कि उसकी शादी को 7 साल हो गए हैं। उसे अब तक संतान सुख नहीं मिल पाया। बच्चा नहीं होने पर ससुराल वाले उसे ताने देते हैं। मामला ईशानगर थाने के पहाड़गांव का है। महिला के पति का कहना है कि पत्नी के आरोप गलत हैं। पत्नी का कैरेक्टर ठीक नहीं है। मैंने उसे गांव के ही कई लोगों के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा है। उसके कई लोगों से अवैध संबंध हैं। इतना सब होने के बाद भी मैं उसे बर्दाश्त कर रहा था। उसे लगा हम डरते हैं। इस कारण उसके हौसले बढ़ गए हैं। वह हमें पुलिस केस में फंसाकर जेल भिजवाना चाहती है।

पंचायत चुनाव में बदमाशों की निगरानी: भिंड के 4 बदमाशों को 3 माह तक के लिए किया गया जिला बदर

भिंड/नवप्रदेश। भिण्ड में नगरीय निकाय व पंचायत निर्वाचन 2022 को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने चार बदमाशों पर जिला बदर की कार्रवाई की है। ये बदमाश शातिर है जो कि चुनाव में अशांति फैला सकते थे। ये कार्रवाई एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान के प्रतिवेदन पर की गई। जिला प्रशासन ने आरोपी अंगद सिंह तोमर पुत्र राजेन्द्र सिंह तोमर(उम्र 36 साल) निवासी ग्राम तुकेडा थाना मालनपुर जिला भिण्ड, सोनू भदौरिया पुत्र गोवर्धन सिंह भदौरिया (उम्र 29 साल) निवासी स्टेशन रोड गोहद चौराहा थाना गोहद चौराहा जिला भिण्ड, विनोद सिंह पुत्र विश्वअवतार सिंह राजावत (आयु 40 साल) निवासी भारौलीकलां थाना भारौली जिला भिण्ड एवं ईशू यादव पुत्र राकेश सिंह यादव निवासी सतमाश मोहल्ला थाना सिटी कोतवाली के खिलाफ कार्रवाई की गई है। भिण्ड जिला प्रशासन ने ये कार्रवाई आपराधिक व असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में आदेश पारित की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ये चारों आरोपी जिला भिण्ड एवं उसके निकटवर्ती जिले ग्वालियर, मुरैना, दतिया की सीमा से 03 माह की अवधि के लिए बाहर रहेंगे। उक्त आरोपी इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

इंदौर में कमलनाथ ने सुनाया हॉर्स ट्रेडिंग का किस्सा: बोले ; एक विधायक ने कहा था 5 करोड़ मिले, तीन और मिलेंगे

इंदौर/नवप्रदेश। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बुधवार रात इंदौर में मीडिया से रुबरू हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बातों ही बातों में उनकी सरकार गिराने के लिए की गई हॉर्स ट्रेडिंग से जुड़ा किस्सा साझा किया। कमलनाथ ने कहा कि विधायकों की खरीद-फरोख्त के लिए बेंगलुरु मीटिंग के दो माह पहले एक विधायक मुझसे मिले थे और कहा कि मुझे 5 करोड़ रुपए मिले हैं। गाडी में रखे हैं। अभी तीन इंस्टॉलमेंट में और मिलेंगे। दरअसल, ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा सरकार गिराने के सवाल पर उन्होंने यह बात ऑफ द रिकॉर्ड कही। इसके अलावा उन्होंने कोरोना काल से संबंधित सीएम शिवराज से जुड़ा एक किस्सा भी सुनाया।

मुझे लगा हवाबाजी कर रहा है

बकौल कमलनाथ, मैंने उक्त विधायक से कहा कि मौज करो। मैंने कहा किस लिए दिए तो विधायक जी कुछ नहीं बोले। बस इतना कहा कि तीन इंस्टालमेंट में और पैसा मिलेगा। विधायक जी बोले कि मैं रुपए साथ लाया हूं, मेरी गाडी में हैं। मैंने सोचा

ऐसे ही हवाबाजी कर रहा है।

येदुरप्पा से की थी बात

कमलनाथ ने कहा, मुझे तो पता था कि यह सौदा बेंगलुरु में चल रहा है। ये (बागी विधायक) जब बेंगलुरु में थे, तो मैंने येदुरप्पा से बात की। वे मेरे दोस्त हैं। मैंने कहा कि हमारे विधायकों को बंद करके रखा है। मैं बेंगलुरु आ रहा हूं, तो उन्होंने कहा कि किसी विधायक को बंद नहीं किया है। विधायकों ने ही मुझे लिखकर दिया है कि हमें पुलिस प्रोटेक्शन दो।

इंदौर कैश का हब

कमलनाथ बोले, मुझे पता है विधायक बेंगलुरु में रुपए ले नहीं सकते। इंदौर तब कैश का हब था।यहां कई बड़े हवाला कारोबारी हैं। वे (बागी विधायक) तो मुझे होटल से फोन करते थे और बताते थे कि ये लोग कहते हैं कांग्रेस छोड़ दो, ये ले लो, वो ले लो और साइन कर दो। मैं मिनिट टू मिनिट जानता था। एक मुख्यमंत्री होने के नाते मैं भी सौदा कर सकता था। लेकिन मैं सौदे नहीं करता। मेरे पास सौ और विधायक हैं। मैं सौदे की राजनीति नहीं करता, कुर्सी जाए तो जाए।

कोरोना में शिवराज सिंह ने मित्रवत मांगी थी मदद

कमलनाथ ने कोरोना काल से संबंधित एक किस्सा साझा करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में देश में छिंदवाडा इकलौता जिला था, जहां कहीं भी एक मिनिट भी ऑक्सीजन की कमी नहीं आई। मैंने यह प्रबंध पहले ही कर लिए थे। मैंने रेमडेसिविर का नाम नहीं सुना था। मैंने पता किया कि बनाता कौन है, वहां बात की। बताया गया कि रेमडेसिविर पोर्ट पर है एक्सपोर्ट हो रहे हैं। उन्हीं दिनों शिवराजजी मुझे फोन कर कहा कि ऑक्सीजन टैंकर की कमी है। आप मदद कीजिए। मैंने कहा मैं प्रदेश की मदद जरूर करूंगा। मैं उनकी प्रशंसा करता हूं कि उन्होंने मुझे यह बात कही। मैंने फिर उक्त कंपनी के कर्ताधर्ता से बात की। फिर शिवराज जी के कहने पर पीएस ने मुझसे बात की। मैंने कहा ऑक्सीजन बनाता कौन है, तो उन्होंने मुझे कंपनी की जानकारी दी। मैंने भी इंटरनेट से जानकारी निकाली। उक्त कंपनी का चेयरमैन फॉरेन कॉलोबरेटर्स से जुड़ा था। मैंने उनसे बात की। उन्होंने कहा आपने (कमलनाथ ने) मेरी फॉरेन इन्वेस्टमेंट में मदद की थी। इस पर मैंने कहा कि ऑक्सीजन टैंकर चाहिए तो उन्होंने कहा कितने चाहिए मिल जाएंगे, यह बात पूछिए शिवराज जी से। कोरोना काल में मेरे पास मैसेज के जरिए शिकायतें भी बहुत आई। एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं पोल खोलना चाहूं तो खोल दूं। मेरे पास काम बहुत है और 24 घंटे ही है, 25 नहीं।

केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल
75, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय नं.-1 के सामने, भोपाल-462011
दूरभाष: 0755-2571275, 2675311(D), ई-मेल: rmbpl@cewacor.nic.in
क्रमांक: के.भ.नि./क्षे.का.-भोपाल/व्यापार/2022-23/ दिनांक: 16.06.2022

सार्वजनिक सूचना

हमें मध्य प्रदेश में कार्यरत सभी एफपीओ को सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय भंडारण निगम, मिनी रत्न अनुसूची 'ए' पीएसयू, जो भारत सरकार की, खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं के वैज्ञानिक भंडारण के लिए एक प्रमुख एजेंसी है। के.भ.नि. के स्वयं/ किराए के गोदामों में खाद्यान्न एवं अन्य कृषि उपज के भंडारण किए जाने पर एफपीओ को के.भ.नि. के प्रकाशित टैरिफ पर 30% की विशेष छूट प्रदाय किया जाएगा । एफपीओ के.भ.नि. द्वारा जारी ई-एनडब्ल्यूआर का उपयोग के.भ.नि. के गोदामों में भंडारित स्टॉक/कृषि उपज के लिए गिरवी (लोन सेवा) रखने के लिए कर सकते हैं और ई-ट्रेडिंग सेवाओं, कोल्ड स्टोरेज (रेट्रो फिटमेंट अथवा बीओटी) अथवा के.भ.नि. के स्वयं/किराये के गोदाम में किसी अन्य सहायक सेवाओं का भी लाभ उठा सकते हैं ।
अधिक जानकारी के लिए कृपया के.भ.नि., क्षेत्रीय कार्यालय, 75 अरेरा हिल्स, भोपाल में संपर्क करें अथवा www.cewacor.nic.in पर देखें ।

संपादकीय

युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर

भारत में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती आबादी के साथ ही विकराल रूप धारण करती जा रही है। हर साल लाखों युवा शिक्षा पूरी कर के नौकरी की तलाश में निकलते है और इन सब को नौकरी दे पाना सरकार के बूते की बात नहीं है। सार्वजनिक और नीजि क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम होते जा रहे है। निश्चित रूप से यह एक गंभीर समस्या है। सरकार ने युवाओं को भारतीय सेना में अंतकालिक रोजगार सुलभ कराने के लिए अग्रीपथ नामक योजना लागू करने की घोषणा की है जो देश के लाखों युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर माना जाना चाहिए। इस योजना के तहत 18 से 21 वर्ष की आयु वाले युवाओं को भारत की तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना और वायु सेना में चार वर्ष तक अपनी सेवाएं देने का मौका मिलेगा। जिसकी प्रशिक्षण अवधि छह माह होगी और चार साल की सेवा के दौरान उन्हे लगभग 40 हजार रुपए मासिक वेतन तथा अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। चार साल के बाद इनमें से 25 प्रतिशत युवाओं को भारतीय सेना में स्थाई नियुक्ति मिल जाएगी जबकि शेष 75 प्रतिशत युवाओं को एकमुश्त 10 लाख रुपए की राशि देकर सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा। इसके बाद वे अपनी आगे की योजना पर काम कर सकते है। उनके पास चार साल का अनुभव होगा और लगभग 10 लाख रूपए हाथ में होंगे जिससे वे अपना बेहतर भविष्य बनाने में सक्षम होंगे। इतनी अच्छी योजना का भी विरोध शुरू हो गया है। बिहार के युवाओं ने अग्रीपथ योजना के खिलाफमोर्चा खोल दिया है और सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे है। वे स्थाई नियुक्ति चाहते है ताकि उन्हे वेतन और आजीवन पेंशन की पात्रता मिलें। जबकि सरकार सेना पर बढ़ते खर्च को कम करना चाहती है और युवाओं को भी देश सेवा का अवसर देना चाहती है। इसी उद्देश्य से उसने बीच का रास्ता निकालते हुए अग्रीपथ योजना लागू करने का निर्णय लिया है जिसका स्वागत करने की जगह विरोध होना हैरत की बात है। युवाओं की उम्र 18 साल के बाद कैसे 25 साल हो जाती है यह पता भी नहीं चलता। ज्यादातर युवा व्यर्थ अपना समय गंवा देते है और नौकरी की तलाश में उनके दो चार साल तो चप्पल घिसते हुए ही बीत जाते है। ऐसे में यदि उन्हे 18 वर्ष की आयु में चार साल के लिए सेना में सेवा देने का अवसर मिलता है और इसके बाद भी उनके लिए आगे का भविष्य रहता है तो इस बात का विरोध करना समझ से परे है। सरकार कोई जबरदस्ती तो कर नहीं रही है जिनमें देशभक्ति का जजबा जो वे अग्रीपथ योजना में शामिल हो सकते है और जिन्हे यह योजना पसंद नहीं आ रही है वे इसमें शामिल न हों लेकिन इसका विरोध न करें।

कविता

इस्कूल आ पढ़े बर जिनगी ल गढ़े बर

अशोक पटेल

खुलगे हवे इसकूल हर नान्हे लईका ल गढ़े बर
सुनव दीदी सुनव भईया भेजव लईका ल पढ़े बर।
खुलगे इसकूल के दुवरिया घण्टी बाजत हे ठनाठन
सिक्छा के तिहार मनाबो गाबो चला अब राष्ट्रगान।
लईका के स्वागत करबो भर्ती करके लगाबो टीका
कापी पुस्तक कलम देके सबके मुहु ल कराबो मीठा।
जब लईकामन ह पढ़ही गियान अउ सँस्कार पाही
तभे ओमन अड़ब्बड़ बढ़ही अउ जिनगी ल तभे गढ़ही।
सिक्छा जिनगी के सार हे इही ह जिंनगी के आधार हे
सिक्छा के बिना ए जिनगी निच्चट करिया अंधियार हे।
इस्कूल ह सिक्छा मंदिर हे गुरु हर ओकर पुजारी हे
गुरु के गियान पाके लईका जिनगी ल करही उजियारी हे।

ज्ञान के द्वार खुल गए

चन्द्रकांत खूंटे

जिनगी के उद्धार की,आ गए दिन बहुर के।
ज्ञान के द्वार खुल गए, जाना फिर जरूर से।।
पढ़ने में कमी मत हो,बैठा लो एक शुरूर से।
जीवन होगा सुखमय, फिर जिओगे गुरूर से।।
ज्ञानोदय के नवकिरण को, बसा लो भरपूर से।
जगत होगा नाम रोशन, हो जाओगे मशहूर से।।
तेरी छाया ठौर-ठौर, पहचाने जाओगे दूर से।
नेक मंजिल पाने से, लगोगे चमकत नूर से।।
ज्ञान में कोई भेद नही, बेटी-बेटा भेद नासूर से।
दोनों चमकत हीरा है, शिक्षा-संस्कार दस्तूर से।।
शिक्षा से वंचित रहे तो, माफी नही कसूर के।
जन्म दिए तो कर्म भी दो, मत रहो मजबूर से।।
एक रोटी कम खाके, बच्चों को अवश्य पढ़ाये।
मन से तमस हटेगा, आर्थिक दीनता को भगाएँ।।

सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी की जरूरत


डॉ. सुरभि सहाय

सोशल मीडिया के सीमित इस्तेमाल से फायदे भी हो सकते हैं। सोशल मीडिया के सीमित इस्तेमाल से साथियों से तेज और बढ़िया कनेक्शन संभव है। सोशल मीडिया से जरूरी सूचना लेना या देना आसान है। सोशल मीडिया से स्टडी मटीरियल शेयर करने में सुविधा होती है। साथ ही सोशल मीडिया के स्किल्स भविष्य में मददगार हो सकते हैं। सोशल मीडिया से टेक्नोलॉजी और गैजेट्स की जानकारी हासिल करनी चाहिए। सोशल मीडिया से प्रोफाइल, डिजाइन और नेटवर्किंग स्किल सीखी जा सकती है। सोशल मीडिया से क्रिएटिव हॉबी को मंच हासिल होता है जहा तुरंत फीडबैक मिल जाता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि आम जनता तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया एक असरदार जरिए के रुप में उभरा है और राजनीतिक पर्टियां भी इसका भरपूर लाभ उठा रही हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि इससे केवल फायदा ही पहुंचेगा, कई बार इससे पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुंचता है। जाहिर है, सोशल मीडिया नाम का यह हथियार लोगों के हाथ में पहुंच चुका है।

भारत को विविधताओं का देश माना जाता है, इस विविधता में जहां प्रेम, भाईचारा, अपनत्व है तो वहीं वैमनस्य और कटुता का अंश भी गाहे-बगाहे देखने को मिल जाता है। देश में सोशल मीडिया के उपयोग और दुरुपयोग के एक से एक खतरनाक आयाम इतनी तेजी से सामने आ रहे हैं कि इस पर नजर रखने और उपद्रवी तत्वों के खिलाफ समय से कार्रवाई करने की जरूरत बढ़ती ही जा रही है। सोशल मीडिया की चर्चा अब फायदों से ज्यादा नुकसान के लिए होने लगी है। हाल ही में हुए कई अध्ययन बताते हैं कि शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से सोशल मीडिया एक आम व्यक्ति की जिंदगी को प्रभावित कर रहा है। मौजूदा समय में इंटरनेट के माध्यम से लगभग हर व्यक्ति आज किसी-न-किसी सोशल नेटवर्किंग साइट से जुड़ा है। सोशल मीडिया ने जिस तेजी से लोगों के जीवन में पैठ बनाई है, उसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं।

भारत एक बहुत विशाल बाजार है और उसकी औसत जनता गरीब होने के बावजूद जिज्ञासु है, लिहाजा देश में व्हाट्स एप के 53 करोड़ से ज्यादा, फेसबुक के करीब 41 करोड़, यूट्यूब के 44.8 करोड़, इंस्टाग्राम के करीब 21 करोड़ और ट्विटर के 1.75 करोड़ यूजर्स हैं। सोशल मीडिया के साधन संचार के शक्तिशाली मंच बन गए हैं। आतंकवादी भी इसी मीडिया या माध्यम का इस्तेमाल कर रहे हैं। अभी हाल ही में यूपी समेत देश के कई हिस्सों में हुई हिंसा में सोशल मीडिया की नेगेटिव भूमिका एक बार फिर उजागर हुई है।

देश में जहां भी हिंसा होती है वहां स्थिति सामान्य होने तक प्रायः इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी जाती हैं। ताकि अफवाहों को बल न मिले, तात्पर्य यह कि अब देश के किसी भी कोने में हिंसा होती है तो उसके पीछे किसी न किसी रूप में अफवाह फैलाने के लिये सोशल मीडिया का दुरुपयोग अब खुलकर होने लगा है। ऐसी स्थिति में देश के सामाजिक ताने-बाने को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। आज देश में सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता शिद्दत से महसूस की जा रही है। पिछले दिनों यूपी और देश के कई अन्य शहरों में हुए हिंसक प्रदर्शन में सोशल मीडिया की नेगेटिव भूमिका सामने आयी है। आज के समय में बड़ों से लेकर बच्चों तक में सोशल मीडिया का प्रयोग आम हो चुका है। सोशल साइट्स पर लोगों की व्यस्तता देख कर ऐसा लगने लगा है कि लोग इसके बिना बिल्कुल रह ही नहीं सकते। बच्चे, जो कि सोशल मीडिया का काफी उपयोग करते हैं, उनमें सुबह उठते ही और रात को सोने जाने से पहले इन वेबसाइटों को एक्सेस करने की आदत पड़ रही है। निःसंदेह इस प्लेटफार्म ने

ज्ञानवृद्धि करने, लोगों से संवाद बनाए रखने सहित तमाम विषयों में अच्छे अवसर उपलब्ध कराए हैं। हाईटेक हो चुके इस युग में सोशल मीडिया पर रहना जरूरी हो गया है। इसे मजबूरी कहें या समय की जरूरत, लेकिन इससे बचना नामुमकिन है, लेकिन समस्या तब खड़ी हो जाती है, जब हमारे बच्चे इसकी गिरफ्त में आते हैं और इस कदर इसकी जाल में जकड़ जाते हैं कि उनको न सिर्फ इसकी लत लग जाती है, बल्कि वो कई तरह की मुसीबतों में भी फंस सकते हैं। यह हो रहा प्रभाव सोशल मीडिया के बहुत ज्यादा उपयोग करने के मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभाव पड़ने की बातें सामने आयी हैं।

हाल ही में हुए एक अध्ययन में निष्कर्ष निकला है कि जो बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग बहुत ज्यादा करते है, उनके मन में जीवन के प्रति असंतुष्टि का भाव ज्यादा रहता है। सोशल मीडिया पर लोगों को देख-देख कर बच्चों की आदत हो जाती है कि वे अपने अभिभावकों से अवांछित वस्तु की मांग भी करने लगते हैं। घटों तक ऑनलाइन रहने की इस आदत के कारण बच्चों को अपने शौक को पूरा करने अथवा खुद का आत्मविश्लेषण करने का समय नहीं मिल पाता। बच्चे तनाव ग्रस्त हो रहे हैं। यह तनाव उनके व्यक्तित्व, व्यवहार, सोच, करियर सभी पर बुरा असर डाल रहा है। बच्चे कई तरह के अवसाद और अपराध के भी शिकार हो रहे हैं। इन मामलों में ज्यादातर मा-बाप तब जान पाते हैं जब कोई अप्रिय घटना घट जाती है। कई मामलों को देखकर लगता है कि सोशल मीडिया बच्चों के लिए एक खतरनाक टूल बनकर सामने आया है।

सोशल मीडिया के सीमित इस्तेमाल से फायदे भी हो सकते हैं। सोशल मीडिया के सीमित इस्तेमाल से साथियों से तेज और बढिया कनेक्शन संभव है। सोशल मीडिया से जरूरी सूचना लेना या देना आसान है। सोशल मीडिया से स्टडी मटीरियल शेयर करने में सुविधा होती है। साथ ही सोशल मीडिया के स्किल्स भविष्य में मददगार हो सकते हैं। सोशल मीडिया से टेक्नोलॉजी और गैजेट्स की जानकारी हासिल करनी चाहिए। सोशल मीडिया से प्रोफाइल, डिजाइन और नेटवर्किंग स्किल सीखी जा सकती है। सोशल मीडिया से क्रिएटिव हॉबी को मंच हासिल होता है जहा तुरंत फीडबैक मिल जाता है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि आम जनता तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया एक असरदार जरिए के रुप में उभरा है और राजनीतिक पर्टियां भी इसका भरपूर लाभ उठा रही हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि इससे केवल फायदा ही पहुंचेगा, कई बार इससे पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुंचता है। जाहिर है, सोशल मीडिया नाम का यह हथियार लोगों के हाथ में पहुंच चुका है और इसकी मारक क्षमता आने वाले दिनों में और बढ़नी ही है। ऐसे में इसके दुरुपयोग को रोकने के इंतजाम तो हमें करने ही होंगे। दिक्कत यह है कि इस हथियार का इस्तेमाल असामाजिक तत्वों द्वारा किए जाने की जितनी आशंका है, उतना ही बड़ा खतरा राजनीतिक दलों द्वारा अपने संकीर्ण चुनावी हित में इसका अलोकतांत्रिक इस्तेमाल किए जाने का भी है। यूनिसेफके अनुसार 7 में से 1 भारतीय,जो कि 18 से 24 साल की उम्र में हैं, डिप्रेशन के शिकार हैं। हमारे देश में डिप्रेशन या किसी भी मेंटल हेल्थ पर बातचीत लोग आसानी से स्वीकार नहीं करते हैं और हालांकि इसके प्रति लोगों को जागरुक करने की लगातार कोशिश की जा रही है, लेकिन फिर भी इस दिशा में लोगों के मन से रूढिवादी सोच को अभी पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सका है। डिप्रेशन से ग्रसित व्यक्ति में आत्म सम्मान की कमी, संवाद में दिक्कत, एकाग्रता के अलावा खुद को नुकसान पहुंचाने के लक्षण भी नजर आते हैं। युवाओं में बढ़ते डिप्रेशन के रेट के पीछे एक कारण सोशल मीडिया पर इस उम्र के लोगों का अत्यधिक समय बिताना भी वजह मानी जाती है। बेहद कम विषय ऐसे होंगे, जो प्रामाणिक, ज्ञानवर्धक और तार्किक कहे जा सकते हैं, लेकिन ये बड़ी कंपनियां हमारी निजता को भी बेचकर करोड़ों के मुनाफे कमा रही हैं। भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म और न्यूज पोर्टल आदि के लिए भी कोई जिम्मेदार संहिता नहीं है। इन पर खूब सीमाएं लांघी गई हैं। आस्थाओं के मजाक उड़ाए गए हैं और अभिव्यक्ति की पनाहगाह में छिपते रहे हैं। सर्वोच्च अदालत कह चुकी है कि अभिव्यक्ति की आजादी भी असीमित नहीं है। आज के गतिशील दौर में लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने में सोशल मीडिया बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है, परन्तु इसी सोशल मीडिया का इस्तेमाल जब हिंसा भड़काने, अफवाहें फैलाने और इसी प्रकार के अन्य देश और समाज विरोधी कार्यों के लिये होने लगता है तब समस्या होती है। सरकार ने सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए कई कदम उठाए भी हैं। लेकिन अभी इस दिशा में काफी कुछ करना बाकी है। सोशल मीडिया के क्षेत्र में नित नई चुनौतियां उभर रही हैं।

अग्निपथ पर अग्निवीरों की नियुक्ति

राकेश शर्मा

सशस्त्र बलों को अपनी युद्ध क्षमता के विस्तार पर काम करने की जरूरत है। इसके लिए 'हम कैसे लड़ेंगे' के सवाल पर संजीदगी से विचार करने की जरूरत होती है। यहां ऐसे सवालों से भी टकराना पड़ता है कि किसके साथ, किस मकसद से और किसके लिए जंग लड़नी है और किस तरह की सेवा व क्षमता की दरकार है। इसलिए, युद्ध संबंधी ताकत का अधिकतम उपयोग महत्वपूर्ण है और राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में इसकी रूप-रेखा नजर आनी चाहिए। साफहै, अग्निपथ के निहितार्थ दूरगामी हैं। सशस्त्र बल हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय संस्थान हैं। इसलिए अग्निपथ को लागू करने के लिए एक ठोस और दीर्घकालिक नजरिये की दरकार है।

सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए अल्पकालिक भर्ती नीति आखिरकार घोषित कर दी। इस बहुचर्चित योजना को 'अग्निपथ' कहा गया है। इसमें 17.5 से 21 साल के नौजवानों को मौका दिया जाएगा। वे चार साल के अनुबंध पर भर्ती किए जाएंगे, जिसके लिए उन्हें 24 से 32 हफ्ते की ट्रेनिंग से गुजरना होगा। शुरुआत में थल सेना में 40 हजार और वायु सेना एवं नौसेना में तीन-तीन हजार सैनिकों की भर्ती की जाएगी। हालांकि, भविष्य में जरूरत के हिसाब से इस संख्या को बढ़ाया-घटाया भी जा सकता है। यही नहीं, इनमें से 25 फीसदी युवाओं को चार साल के बाद सशस्त्र बलों में स्थायी रूप से शामिल कर लिया जाएगा।

इन अग्निवीरों (सैनिकों) को बतौर तनख्वाह हर महीने 30 हजार रुपये दिए जाएंगे, जिसमें सालाना 3,500 रुपये तक की वृद्धि होगी। इस 30 हजार रुपये में से अग्निवीर कॉर्पस फंड के लिए 9,000 रुपये काटे जाएंगे, और इतनी ही रकम सरकार भी इस फंड में जमा करेगी। चार साल की सेवा के बाद 'सेवा निधि' में जमा यह राशि ब्याज सहित अग्निवीरों को वापस लौटा दी जाएगी, जो करीब 11.7 लाख रुपये होगी, हालांकि उनको पेंशन की सुविधा नहीं मिलेगी। इसके अतिरिक्त, अग्निवीरों का 48 लाख रुपये का बीमा भी कराया जाएगा और ड्यूटी के दौरान वीरगति पाने पर उनके परिजनों को 44 लाख रुपये की अतिरिक्त अनुग्रह राशि दी जाएगी। अक्षमता, यानी शारीरिक विकलांगता के आधार पर मुआवजे का प्रावधान भी इसमें रखा गया है। जाहिर है, 'अग्निपथ' की शुरुआत सशस्त्र बलों में भर्ती की मौजूदा प्रक्रिया में उल्लेखनीय बदलाव है। इसके लिए सरकार के पास बड़ी संख्या में सुझाव भेजे गए थे। तमाम सुझावों पर गौर करने के बाद आखिरकार अग्निवीरों के लिए चार साल का एकल कार्यकाल, उसके अनुरूप बीमा योजना और परिस्थितियों व अनुभव के आधार पर अनुग्रह राशियों का प्रावधान किया गया। इसका तीन महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जिनका विश्लेषण आवश्यक है। पहला, चिंता यह जताई जा रही है कि चार साल के बाद अग्निवीरों का आखिर होगा क्या? निस्संदेह, चार साल

के बाद ऐसे उम्मीदवारों की बड़ी संख्या होगी, जो सशस्त्र बलों में रहना चाहेंगे, लेकिन सरकार के लिए सबको समायोजित करना संभव नहीं होगा। इसलिए उसने इस योजना के तहत चार साल की सेवा देने वालों के लिए अवसर पैदा करने हेतु 'समग्र दृष्टिकोण' की कल्पना की है। गृह, रेलवे और उद्योग मंत्रालयों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित, अनुशासित और अनुभवी युवा कार्यबल को शामिल करने की अपार संभावनाएं हैं। सशस्त्र बल भी नियोजन में मदद कर सकते हैं। बैंकों को कहा गया है कि वे छोटे कारोबार के लिए करीब 18 लाख रुपये लोन की गारंटी दें। इसलिए इस चिंता का कोई मतलब नहीं है कि चार साल के बाद अग्निवीर बेरोजगार हो जाएंगे या सड़क पर आ जाएंगे। दूसरा, सवाल उठाया जा रहा है कि अग्निपथ का सशस्त्र बलों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, विशेष तौर पर सैन्य जवानों की बहुतायत वाली आर्मी पर और उन इंफेंट्री यानी पैदल टुकड़ियों पर, जो उत्तरी सीमाओं और जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं? चिंता यह भी जताई जा रही है कि अनुशासन की मजबूत डोर से बने इस संगठन में 'आया राम-गया राम' की संस्कृति बन जाएगी। यहां हमें यह समझना होगा कि एक इंफेंट्री को साल में करीब 30 से 35 रंगरूट मिलेंगे, जिसका मतलब है कि चार साल में 100 से कुछ अधिक अग्निवीर उसके हिस्से में आएंगे। इसके बाद, हर साल लगभग 10 अग्निवीर उस यूनिट का स्थायी हिस्सा बन जाएंगे। इसलिए एक इंफेंट्री बटालियन को हर साल 50 अग्निवीरों को खुद में जोड़ने के लिए सक्षम बनना होगा। राष्ट्रीय राइफल्स इसका सबसे उम्दा उदाहरण है। यह इकाई अपनी ऑपरेशनल यानी कार्रवाई संबंधी दक्षताओं में कोई समझौता किए बिना मानव-शक्ति का कुशल प्रबंधन करती है। ऑल इंडिया-ऑल क्लास (एआईएसी) भी एक मुद्दा है, जो उत्तर भारतीय वर्ग-विशेष वाले रेजिमेंट के लिए चिंता का बड़ा विषय है। जाहिर है, रेजिमेंट के नाम प्रभावित तो नहीं होंगे। 30 से 35 एआईएसी सैनिक, जिनमें से ठीक-ठाक संख्या एक खास वर्ग से हो सकती है, सालाना इंफेंट्री बटालियन में शामिल होंगे। एक मोटे अनुमान के मुताबिक, अग्निपथ योजना के तहत अगले 10 वर्षों में करीब 125 एआईएसी सैनिक इंफेंट्री यूनिट में भर्ती होंगे। इतना ही नहीं, चूंकि अलग-अलग रेजिमेंट के मूल चरित्र में कोई बदलाव नहीं आएगा, इसलिए इन यूनिटों को एकजुटता के साथ काम करना पड़ेगा। तीसरा सवाल, परिस्थिति के मुताबिक सशस्त्र बलों के उपयोग से जुड़ा है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आशाओं के पावस

आशाओं के पावस आज कुछ व्याकुल हैं मुकुलित हृदय..समंदर से भरे भरे फिर भी अवनि के कंठ जाने क्यूँ आज कुछ प्यासे हैं मधुमास भरे मादक अधरों पर पहरा किसने बाँधा है सूखे दरख़्त सोई पवन झुकी झुकी पलकों पर घुंघराली अल्को पर पतझर क्यूँ रोई है अधीर अम्बर का प्यासी धरा को रूठने मनाने का समय आया है चाँद छोड़ फूलों से ठिठोली का वक़्त आया है कुछ नाज़ुक विपरीत सा समन्वय आज मैंने पाया है। - **ज्योत्सना सक्सेना**

जैसे जैसे लड़की

जैसे जैसे लड़की पाँव बढ़ाती है पानी में खुद ही हलचल मच जाती है इन भँवरों की जात है केवल मँडराना असल मज़ा फूलों का तितली पाती है।

– **जतिन शुक्ला**

खास पाती

किसी की फूलों की तरह

किसी की फूलों की तरह महकती है जिन्दगी। किसी की कांटों की तरह चुभती है जिन्दगी। किसी की गुलशन में बहारों की तरह। अमन - चैन के नाम से है जिन्दगी। किसी की दिवागनी और हौसलों की तरह जुनून का महकता जाम है जिन्दगी। किसी को जीना है गर इक-दूजे के लिए। दोस्तों में दोस्ती कुर्बान है जिन्दगी। सूरज की रोशनी में किरण की तरह चन्द्रमा की छांव में चॉंदनी है जिन्दगी। सबके विचारों की नजरिया की तरह मुश्किलों को छोड़ मुकाम है जिन्दगी। किसी की फूलों की तरह महकती है जिन्दगी। किसी की कांटो की तरह चुभती है जिन्दगी। – **मंजू चम्प्याल**

ये आंखों में बादल कहां से लाती

ये आंखों में बादल कहां से लाती हो! बादल कुछ महीनों के लिये आते है मगर तुम्हारी आंखे उन्हें कैद कर लेते और तुम्हारी आँखों में ये बादल हमेशा उमड़-घुमड़ करते रहते है! तुम कभी बरसने नही देती मगर क्यों....! अपने अंतस की पीड़ा को अपनी आंखों में ही तिरोहित कर देती हो! शायद ये पीड़ा तुम्हारे बहुत अजीज है वैसे घुले-घुले आखों में तुम सच बहुत सुंदर दिखती हो! जैसे प्रेम के आकंठ में डूबे अपने प्रिय से रूठकर अपने ही आंसू को बादल बना कर कैद कर लिया हो....! आह! ऐसा तुम ही कर सकती हो ओह! तुम्हे क्या नाम दूं!! -**प्रीति श्रीवास्तव**

हालात-ए-हाजरा पर मेरा मशवरा

हालात-ए-हाजरा पर मेरा मशवरा किसी भी तरीके से सरकार के नजरों से बचें इससे वित्तीय जोखिम, श्वष्ठ, बुलडोजर आदि के प्रकोप से बचेंगे आप परिवार सहित ऐशोआराम से अपने ख्वाबगाह मे मस्त रहेंगे वरना सडक पर शामियाना लगाना पड जायेगा। – **अरूण कुमार गुप्ता**

वह वक्त की नर्म सी आँखे

वह वक्त की नर्म सी आँखे मुलायम लिहाफसरीखी गर्माहट का आलिंगन देते वक्त के वो अल्फाज मजबूत शब्दपाश..हो जैसे परिधि सी उम्र एक तेज मेरे चहरे का ध्वल शुब्र जिस्त एक ही जिक्र रूहानी मुद्दत सा एकांत सरीखा मोह प्यासा दरख्ता रिश्ता आग हो जैसा कुंठा और विरक्त सा आभास मान अपमान आसमाँ हो जैसा। – **सुरेखा अग्रवाल**

बरखा के सोर सुनाते जुरियाए

बरखा के सोर सुनाते जुरियाए लगिन कमइया मन छानही-खपरा लहुटाए के जतन करत हें बपुरा मन मानसून तो गरजत आही अंकरस पहिली बरस गे हे चिलकत नवटप्पा के दिन घन बादर म अरहज गे हे। – **कवि सुशिल भोले**

आजकल के पैरेंट्स बहुत

आजकल के पैरेंट्स बहुत जागरूक हैं इसलिए उन्होंने अपने बच्चों को उनका स्पेस दिया है और दिया है हाथ में गैजेट। इस गैजेट ने बच्चों को जिंदगी को गेम बना दिया है और पैरेंट्स आराम से उस गेम का हिस्सा बन रहे हैं। मुबारक हो सबको अपना स्पेस।

– **दिव्या राकेश शर्मा**

रोगी,घायल या कहीं ,कोई दिखे

रोगी,घायल या कहीं ,कोई दिखे अशक्त। अगर जरूरतमंद वह,दान करें निज रक्त। दान करें निज रक्त,मनुजता यही सिखाए। वह सच्चा इंसान, काम जो जग के आए। बड़ी श्रेष्ठ उपलब्धि, और क्या दूजी होगी। रक्त बिना संसार, न छोड़ें घायल, रोगी।। – **डॉ बिपिन पाण्डेय**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) नेशनल ज्योग्राफिक सोसायटी ने किस पर्वत पर दुनिया का सबसे ऊँचा मौसम स्टेशन स्थापित किया?
2) किस राज्य द्वारा चारा की खेती करने वाले किसानों के लिए चारा-बिजाई योजना शुरू की गई?
3) चक्रवात आसानी का नाम किस देश द्वारा सुझाया गया?
4) अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 का विषय क्या है?
5) किसे फेडरल रिजर्व बैंक ऑफन्यूयॉर्क (संयुक्त राज्य अमेरिका) के निदेशक मण्डल के लिए चुना गया है?



उत्तरमाला- (1) माउंट एवरेस्ट (2) हरियाणा (3) श्रीलंका (4) मानवता के लिए योग (5) अरविंद कृष्णा

आज का इतिहास

नई दिल्ली ।1609- नीदरलैंड, इंग्लैंड और फ्रांस ने 12 वर्षों के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। 1632- मुगल बादशाह शाहजहां की पत्नी मुमताज महल का निधन। 1674- शाहजी भोंसले की पत्नी और छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई का निधन। 1734- फ्रांसीसी सैनिकों ने राइन में फिलिप्सबर्ग पर कब्जा किया। 1745- अमेरिकी उपनिवेशों ने लुईबॉर्ग, फ्रैंक से केप ब्रेटन द्वीप को कैप्चर किया। 1773- कूकाका, कोलम्बिया की स्थापना जुआना रंगेल डी कुएल्लर द्वारा की गई। 1858- 1857 के भारतीय स्वतत्रंता संग्राम की नायिका झांसी की रानी लक्ष्मीबाई शहीद। 1885- स्टैचू ऑफ लिबर्टी न्यूयॉर्क के बंदरगाह पहुँचा। 1922- पुर्तगाली नौसेना के एविएटर गैगो कोतिन्हो और सैकदुरा कैब्राल ने दक्षिण अटलांटिक के पहले हवाई क्रॉसिंग को पूरा किया। 1936- हेनरिक हिमलर को जर्मन पुलिस का प्रमुख नियुक्त किया गया। 1938- जापान ने चीन के खिलाफयुद्ध की घोषणा की थी। 1950- मिस्र के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए आम चुनाव हुए। 1970- शिकागो में पहली बार किडनी प्रत्यारोपण का ऑपरेशन हुआ। 1973- भारत के जाने-माने टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस का जन्म। 1981- मिस्र के काहिरा में मुस्लिमों और इसाईयों के बीच संघर्ष में 14 लोगों की मौत। 1985- जॉन हेन्ड्रिक्स ने अमेरिका में डिस्कवरी चैनल शुरू किया। 1991- दक्षिण अफ्रीकी संसद ने जनसंख्या पंजीकरण अधिनियम को निरस्त कर दिया। 1994- शिकागो में फीफा विश्वकप फुटबाल की शुरुआत हुई।

संक्षिप्त समाचार

पौधारोपण कर के मनाया जन्मदिवस

सिरोंज। मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कारपोरेशन ब्रांच सिरोंज पर क्षेत्रीय प्रबंधक भोपाल संतोष सोलंकी का जन्म दिवस शाखा कार्यालय में वृक्ष रोपण कर मनाया गया । इस दौरान ाम और जामुन के पौधों का वृक्ष रोपण किया गया । शाखा प्रबंधक श्री कांत जैन एवं नागरिक आपूर्ति निगम के केंद्र प्रभारी नागेन्द्र कुमार पांडे एवं अजय जाट पवन माली गोलू यादव सुरेश विशाल रामबाबू राजा सचिन मोहित समस्त कर्मचारियों उपस्थित हुए।

कलेक्टर- एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

सिरोंज। बुधवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव एवं एसपी मोनिका शुक्ला ने दोपहर को लटेरी रोड स्थित पालीटेक्निक कालेज में स्थित स्टांग रुम का निरीक्षण एसडीएम प्रवीण प्रजापति के साथ कराया गया। साथ ही नगर निकाय निर्वाचन संबंधी आवाश्यक दिशा निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये गये।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत नायब तहसीलदार ने किया मतदान केन्द्रों का भ्रमण

सिरोंज। बुधवार को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम महुंआखेड़ाआ, खेजड़ाहाली, नरखेड़ा जागीर में नायब तहसीलदार सीके ताम्रकार एवं आनंदपुर थाना टीआई गौरव वाजपेयी ने भ्रमण किया गया। इसदौरान अभ्यर्थी, ग्रामीण पटवारी ,सचिव आदि मौजूद थे। साथ ही आचार संहिता, मतदान, मतगणना, कानून व्यवस्था के बारे में चर्चा कि।

'स्कूल चले हम' अभियान का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

पन्ना। 15 जून से नये शिक्षा सत्र का प्रारंभ हो गया है। जिला कलेक्टर द्वारा सत्र के तहत स्कूल चलो अभीयान का शुभारंभ किया गया। उनके द्वारा वर्चुअल रूप से जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना समन्वयक, डाईट प्राचार्य, बीआरसी, बीएएसी, शासकीय, अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो के साथ जुडकर कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक छात्रो को विद्यालयों मे प्रवेश दिलाने की दिशा मे प्रयास करें। इस दौरान डाईट प्राचार्य तथा सर्व शिक्षा अभियान के नोडल अधिकारी अरविन्द सिंह गौर द्वारा विभाग की कार्य योजना प्रस्तुत की गई। कलेक्टर द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारीयों को एनएएस मे पन्ना जिला प्रथम आने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के संयुक्त प्रयास से जिले को प्राप्त हुई है। जिसके लिए सभी लोग बधाई के प्राप्त है। इसी प्रकार आगें भी कार्य करने की जरूरत है उन्होने कहा की शालाओं की साफसफ़ाई एवं सभी व्यवस्थाये दुरस्थ करें तथा 17 जून को सभी शालाओं मे प्रवेश उत्सव मनाया जाये एवं शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर आम सभी लोगो का भी सहयोग लें। इस दौरान शालाओं मे विशेष भोज का आयोजन भी किया जाये। 18 जून को सभी शालाओं मे बाल सभा का आयोजन किया जाये। जिसमे मा की बगिया एवं एक विद्यालय की स्वच्छता तथा अनुशासन हेतु गतिविधियां संम्पादित की जाये। 20 जून से 26 जून के मध्य बालक शिक्षक संघ की बैठके आयोजित की जाये। प्रत्येक शिक्षा विभाग का अधिकारी शालाओ मे प्रतिदिन एक घंटे अकादमिक बच्चो की गुणवत्ता का प्रशिक्षण करें। सभी शालाए समय से नियमित रूप से खुले तथा छात्रो की अधिक से अधिक उपस्थिती के लिए प्रयास करें।

विधायक रामबाई ने चौराहे पर मनाया जेल में बंद पति का बर्थडे

पथरिया। दमोह के पथरिया विधानसभा क्षेत्र की बसपा सीट से दबंग विधायक रामबाई सिंह परिहार ने मंगलवार रात अपने जेल में बंद पति गोविंद सिंह का जन्मदिन पथरिया नगर के संजय चौराहे पर मनाया। दर्जनों समर्थक हैप्पी बर्थडे मनाने पहुंचे। विधायक रामबाई ने अपने समर्थकों के साथ पूरे उत्साह और उमंग से अपने पति के जन्मदिन के मौके पर एक केक काटा और अपने समर्थकों को केक खिलाया। समर्थकों ने भी अपना उत्साह दिखाते हुए रामबाई को केक खिलाकर उन्हें पति के जन्मदिन की बधाई दी। रामबाई ने कहा जब उनके पति बाहर रहते थे और उनका जन्मदिन मनाते थे उतनी ही खुशी और उत्साह आज भी है। उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे उनके पति बाहर हों।

वो जाएं, मेरा अभी विचार नहीं

दमोह में पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के बेटे सिद्धार्थ मलैया के भाजपा छोड़ने को लेकर किए गए सवाल पर विधायक ने कहा यहां वहां जाने वालों को कोई नहीं रोक सकता। वो उनकी मर्जी है, जहां जाना चाहे जाएं। पर मैं जहां हूं वहीं ठीक हूं। अभी मेरा कहीं जाने का कोई विचार नहीं है। विधायक रामबाई पहले कई बार भाजपा की नीतियों की तारीफ कर चुकी हैं। भाजपा में जाने की इच्छा भी जाहिर कर चुकी है। यहां तक कि भाजपा कार्यालय में होने वाले आयोजनों में भी भाजपा नेता और मंत्रियों के साथ शामिल रहती हैं। इसलिए ये माना जाता है कि आगामी विधानसभा चुनाव के पहले रामबाई भाजपा में शामिल हो जाएंगी। हालांकि भाजपा से अभी तक उन्हें हरी झंडी नहीं मिली है।

मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी का मिले प्रशिक्षण

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नर्मदापुरम में स्ट्रांग रूम एवं सामग्री वितरण स्थल का किया निरीक्षण नर्मदापुरम /15,जून,2022/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह ने बुधवार को एसएनजी विद्यालय एवं होम साइंस कॉलेज का निरीक्षण किया । उन्होंने यहां त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए बनाएं गए स्ट्रांग रूम सामग्री वितरण स्थल एवं वाहन व्यवस्था का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि सामग्री वितरण स्थल एवं वापसी के लिए व्यवस्थित लेआउट तैयार करें। मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे सुगमता से सामग्री एकत्रित करने एवं वापसी की कार्यवाही कर सकें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के लिए व्यवस्थित काउंटर बनाया जाए। केंद्र पर आवंटित काउंटर की जानकारी डिस्पले करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि वर्षा काल को ध्यान में रखते हुए आवश्यक मरम्मत कार्यों को तत्काल पूर्ण किया जाए। निर्वाचन कार्य निर्बाध और सुचारू रूप से हो सके यह सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने अधिकारीयों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार पर्याप्त बल डिप्लॉय किया जाएं। इसके पूर्व कलेक्टर एवं एसपी ने इटारसी एवं सिवनी मालवा में भी निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती वंदना जाट, एसडीओपी श्री पराग सैनी, तहसीलदार श्री शैलेंद्र बड़ोनिया, श्रीमती तृप्ति पटेरिया, सीएमओ श्री विनोद शुक्ला , एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री महाला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

नर्मदापुरम। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत तीन प्रकरण में आदेश पारित कर अनावेदको के विरूद्ध जिला नर्मदापुरम एवं सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से निष्कासन किये जाने के आदेश पारित किये हैं। पारित आदेश के अनुसार अनावेदक सोनू सोनी पिता प्रेम सोनी उम्र 35 वर्ष, अनावेदक मोनू उर्फ नीरज सोनी पिता प्रेम सोनी उम्र 28 वर्ष निवासी सदर बाजार नर्मदापुरम एवं अनावेदक देवेन्द्र उर्फ गोलू पिता विजय पूर्विया उम्र 24 वर्ष निवासी शोभापुर को एक वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है।

करैरा में पुलिस व कोर्ट में जाने से पहले बगीचा मंदिर में सुलझाते हैं आपसी विवाद

करैरा/नवप्रदेश। बाबा भानगिरि की तपोभूमि कहे जाने वाले करैरा के बाबा का बगीचा मंदिर में स्थानीय लोग पुलिस व कोर्ट जाने से पहले आपसी विवाद सुलझाने आते हैं। लोगों के बीच मान्यता है कि बातचीत के माध्यम से न्याय भी मिल जाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बाबा का बगीचा मंदिर में कोई भी व्यक्ति झूठ नहीं बोलता और न ही कसम खाता है। प्रत्येक मंगलवार को हजारों की संख्या में भक्त अपनी मनोकामना की अर्जी लगाने यहां पहुंचते हैं। भक्तों द्वारा बताते हैं कि मंदिर में आपसी विवादों का न्याय भी होता है। पुलिस व कोर्ट जाने से पहले लोग अपना आपसी विवाद उपस्थित लोगों की सहमति से भी सुलझा लेते हैं। मान्यता है कि यहां आकर कोई झूठी कसम नहीं खाता। किसी भी लालच या कारणवश झूठ बोलने वाले व्यक्ति को इसका प्रतिफल भोगना ही पड़ता है।

मनौती के लिए आते श्रद्धालु: बाबा का बाग बगीचा मंदिर पर लोग मनौती मांगने पहुंचते हैं। माना जाता है कि यहां आकर अर्जी लगाने वालों को मनौती पूरी होती है। भक्तों की मानें तो सच्चे मन से लगाई गई अर्जी कभी खाली नहीं जाती। इस धार्मिक स्थल पर इन दिनों राम मंदिर कानिर्माण किया जा रहा है। हनुमान मंदिर के बगल में चल रहे इस निर्माण के बारे में बाबा के बाग बगीचा के महंत बताते हैं कि हनुमान, शिवजी, परशुराम मंदिर के साथ-साथ यहां अब भगवान राम के दर्शन के भी भक्तों होंगे। मंदिर निर्माण में भक्तों द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

समाज के दर्पण कहे जाने वाले पत्रकार बंधुओं का हुआ समान

कुक्षी/नवप्रदेश। कुक्षी से धार डिस्ट्रिक्ट पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सेक्रेट्री दीप शाह ने बताया की विगत वर्ष मै कुक्षी मे पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन होते रहे और इस खेल विधा ने आज जिले में एक नई पहचान स्थापित की है और अब युवा, बालक एवं बालिका इस खेल मैं बढ़चढ़ कर रुचि ले रहे है। चूंकि जिस प्रकार जंगल में नाचा मोर किसने देखा कहावत को सार्थक करे तो इस खेल विधा या उसके महत्व और इससे जुड़े खिलाड़ी और कोच की सही पहचान दिलाने में समाज में सबसे अहम और गरिमामय भूमिका निभाने का श्रेय तो कुक्षी एवं निसरपुर के पत्रकार बंधुओं को ही जाता है और वह सम्मान के सच्चे हकदार हैं। उनका सम्मान करने का सौभाग्य दीप शाह के जिम के सदस्यों को प्राप्त हुआ इस लिए वह उनके कृतज्ञ हैं। पत्रकार बंधु सम्मान समारोह का संचालन करते हुए हर्षित मुकाती ने सर्वप्रथम मंच पर राजेंद्र सोनी, मनोहर मंडलोई(पत्रकार), प्रदीप पाटीदार(निसरपुर), सुनील गुप्ता(सोनू) को आमंत्रित किया, तत्पश्चात क्रमशः निसरपुर से पधारे पत्रकार बंधु दीपक वालघे, घनश्याम पाटीदार, आशीष कुमरावत, मोहम्मद बोहरा, आशुतोष सेन, विशाल गुप्ता, शिव ऊपवाल, डॉ. सलीम पठान, महावीर जैन एवं कुक्षी से आमंत्रित पत्रकार बंधु मनोहर मंडलोई, लोकेश चौहान, प्रदीप अगाल, मोनेश शोभा जैन, सज्जाद खान, इकबाल खत्री, इरशाद खान का सम्मान मंचासीन अतिथियों के करकमलों से देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले विविध स्वतंत्र सेनानियों के छायाचित्र भेंटकर एवं पुष्पमाला पहनाकर किया। वहीं निसरपुर पत्रकार संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाओं को निखारने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर खिलाड़ी वंशिका पाटीदार और दीप शाह का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में कुक्षी नगर पालिका उपाध्यक्ष लोकेश(सरदार) पाटीदार एवं प्रवीण सोनी ने उपस्थित समस्त महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

फिर चमकी गरीब की किस्मत, मिला तीस लाख का हीरा

पन्ना। पन्ना जिले की रत्नगर्भा धरती लगातार गरीब किस्मत वालो को रातो रात राजा से रंक बना देती है क्योकि यह धरती सबसे वेशकीमति रत्न हीरा उगलती है। लगातार लोगो को जिले की विभिन्न हीरा खदानो से हीरे मिल रहे है। इसी कडी मे एक ओर गरीब मजदूर सूनील को जरूआपुर हीरा खदान से 6.29 कैरिट का हीरा मिला है जिसे उसने हीरा कार्यालय पन्ना मे जमा कर दिया है। हीरा कार्यालय की पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि सुनील का हीरा जेम क्वाल्टी का उज्जवल हीरा है जिसे आगामी निलामी मे रखा जायेगा। पारखी द्वारा हीरा की कीमत नही बताई गई लेकिन हीरा की परख रखने वालो का कहना है कि उज्जवल हीरा होने के कारण 25 से 30 लाख तक मे उक्त हीरे की नीलामी हो सकती है। ज्ञात हो कि सुनील द्वारा 5 अपने अन्य साथियो के साथ जरूआपुर मे 20 दिन पहले हीरा खदान लगाई थी और वह किस्मत के धनी रहे की 20 दिन के अन्दर ही हीरा मिल गया। हीरा मिलने से सभी साथी खुश है।

कुक्षी में अवैध शराब के अड्डे पर अमले ने दी दबिश

कुक्षी/नवप्रदेश। धार कलेक्टर श्री डॉ पंकज जैन के निर्देश और कुक्षी इस.डी. एम.श्री नवजीवन पवार तथा सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार श्री यशवंत धनोरा* के मार्गदर्शन में तथा *जिला कंट्रोलर श्री आर.एस. राय एवं मण्डल प्रभारी श्री प्रशांत मंडलोई* के नेतृत्व में धार जिले के वृत्त कुक्षी में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी बल के द्वारा आज कार्यवाही करते हुए *ग्राम बारुड़ स्थित उरी-बाघिनि के किनारे दाबिश कर 3550 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर मौके पर सैंपल लेकर नष्ट किया गया तथा 135 लीटर हाँथ भठ्ठी शराब* जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के अंतर्गत 04प्रकरण दर्ज किये गए। संयुक्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 1,91,000/- रु है। उपरोक्त कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक राज कुमार शुक्ला आबकारी आरक्षक पदमा बघेल,रतना अमलियार की टीम के द्वारा की गई।

पिछोर नगर में शाम होते ही मुख्य चौराहे में फैल जाता है अंधेरा

पिछोर/नवप्रदेश। पिछोर के मुख्य डाक बंगला चौराहे पर स्ट्रीट लाइट बंद रहने से सड़कों पर अंधेरा रहता है इस वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इसके बावजूद नगर परिषद स्ट्रीट लाइटों को ठीक नहीं करा रही है गौरतलब है कि सब्जी मंडी से लेकर डाकबंगला चौराहे तक करीब एक- माह से बंद पड़ी है इस कारण से रात के समय सब्जी मंडी से लेकर डाक बंगला चौराहे तक अंधेरा पसरा रहता है बस केवल देखने दिखाने के लिए कुछी खंभों पर स्ट्रीट लाइट जलती हुई नजर आती है यह भी और अधिकांश समय बंद रहती हैं इनके कारण सब्जी मंडी से लेकर डाक बंगला चौराहे तक अंधेरा पसरा रहता है वही नगर के लोगों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद भी नगर की सड़कों पर अंधेरा पसरा रहता है नगर परिषद हर वर्ष स्ट्रीट लाइट के मेंटेनेंस के नाम पर हजारों लाखों रुपए खर्च करती है फिर भी नगर की आधे से ज्यादा स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी होने से अंधेरा पसरा रहता है।

इनका कहना है -

हमारी कॉलोनी में और कॉलोनी के मेंन रोड पर लगी लाइट कब जलती है यह हम मोहल्ले के लोगो ने आज तक नही देखी है । कई बार आवेदन दिए गए लेकिन कोई फायदा नही हुआ आज भी गलियों में अंधेरा रहता है ।

अंकित पराशर, दिमान जू कॉलोनी

नगर के चंदेरी रोड पर आवागमन अत्यधिक रहता है चौराहे पर भी वाहनो का आना बहुत है कई बार दुर्घटना भी हों गई है अंधेरा इतना रहता है कि किस तरफ से कोन आ रहा है कुछ दिखाई नही देता है । मेंटीनेंस के नाम पर बोल देते हैं कि खंबो में लगी हेलोजन जल्दी सुधार देंगे पर न नगर परिषद को दिखाई देता है ना बिजली विभाग सुनता है

संजय तिवारी, गल्ला मंडी चंदेरी रोड

मुझे जानकारी प्राप्त हो गई थी 15 दिन पूर्व में । सभी जगह में बड़ा फाल्ट होने के कारण स्ट्रीट लाइट खराब हो गई थी अभी वर्तमान में शिवपुरी रोड, रन्नौद रोड की स्ट्रीट लाइट सही करा दी गई है एक दो दिन में चंदेरी रोड डांक बंगला और सब्जी मंडी,आदि सभी जगह की स्ट्रीट लाइट सही की जाएगी ।

राघवेंद्र सिंह पलिया, मुख्य नगर परिषद अधिकारी पिछोर ।

बाकानेर ग्राम पंचायत में होगा रोचक चुनावी मुकाबला

मनावर /नवप्रदेश। बाकानेर ग्राम पंचायत में जनपद प्रतिनिधि के लिए त्रिकोणीय मुकाबला है महिला सीट होने के नाते भारतीय जनता पार्टी से तो उम्मीद वार जिनमें श्रीमती ज्योति खुशाल, ब्लैक बोर्ड श्रीमती उषा राजेंद्र झोपड़ी, और कांग्रेस से श्रीमती शहनाज अयूब बरगद ,के पेड़ चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में है ग्राम वाकानेर के 5571 मतदाता 1 जुलाई को तीनों के भाग्य का फैसला करेंगे हालांकि मतदान में सिर्फ 15 दिन बचे हैं लेकिन पूरे बाजार गली और मोहल्ला में शोर शराबा चुनाव का बिल्कुल भी नहीं है कभी-कभी तो लोग पूछने के चुनाव में भी कि नहीं लेकिन धीमी गति से डोर टू डोर प्रचार प्रसार चल रहा है त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा से दो और कांग्रेस से एक उम्मीदवार है ऐसे में चुनाव दिलचस्प हो गया है भारतीय जनता पार्टी के दोनों उम्मीदवार भाजपा के पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से है वहीं कांग्रेस की उम्मीदवार के पुत्र मोहम्मद अयाज खान भारतीय राष्ट्रीय संगठन के जिला अध्यक्ष निर्वाचित होकर एक दशक से समाज सेवा कर रहे हैं और उनकी कार्यकर्ताओं में युवाओं में अच्छी झांकी है। वाकानेर ग्राम पंचायत के 20 वार्ड इन तीनों जनपद प्रतिनिधि का फैसला करेंगे हालांकि वाकानेर पंचायत सरपंच में छह उम्मीदवार हैं और बीसी पंच निर्विरोध आ गए हैं इस चुनावी समर में हर कोई अपनी झांकी और अपनी समाज सेवा को कैश कराने में लगा है। अब देखना यह है कि मतदाता ब्लैक बोर्ड पर नया इतिहास लिखते हैं या फिर झोपड़ी और बरगद के पेड़ को सिरमौर बनाते हैं फिलहाल यह 1 जुलाई को ही पता चलेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं के पास असमंजस की स्थिति है दो उम्मीदवार में किसे सहयोग करें और कांग्रेसका एक ही उम्मीदवार होने के नाते पूरी कांग्रेश टीम जी

कलेटर ने किया मछरिया अमृत सरोवर का निरीक्षण

मण्डला/नवप्रदेश। कलेक्टर हर्षिका सिंह ने मंडला विकासखंड के ग्राम मछरिया में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए जा रहे तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य की लागत तथा क्षेत्र के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अमृत सरोवर एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों द्वारा सड़क से संबंधित समस्या से अवगत कराए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मनोज धुर्वे तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके पांडे, जनपद से श्री गौतम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

नियमों का पालन न करने वालों पर होगी कार्रवाई

दिनारा। प्रदेश सहित जिले के जलाशयों में 16 जून से दो महीनों के लिए मछलियों का शिकार नहीं कर सकेंगे मछुआरे। मत्स्य मानसून सीजन में मछलियों की वंश व्रद्धि की दृष्टि से उन्हें संरक्षण देने के लिए मप्र के सभी जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में बंद ऋतु क्लोज सीजन घोषित किया है। इस दौरान जलाशयों में दो माह तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध रहेगा। मप्र नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत मप्र मत्स्य महासंघ के अधीन इंदिरासागर, ओंकारेश्वर, मान एवं माही जलाशयों में भी इस अवधि में समस्त प्रकार के मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय, मत्स्य विनिमय अथव मत्स्य परिवहन करना निषेध होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर मत्स्य प्रदेश राज्स मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई। मत्स्याखेट निषेध रहेगा 15 अगस्त तक शिवपुरी, 14 जून 2022/ प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मछलियों में 16 जून से 15 अगस्त 2022 तक की अवधि बंद ऋतु होने के कारण मत्स्याखेट निषेध किया गया है। इस अवधि में मत्स्याखेट मछली का विक्रय एवं परिवहन तथा विनिमय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मध्य प्रदेश नदीय नियम 1972 के नियम 3(2) के तहत 15 अगस्त तक मत्स्याखेट/परिवहन में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश (मत्स्यक्षेत्र, संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा 5 में निहित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसमें एक वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकेगा।

विशेष न्यायाधीश ने पारित किया आदेश

दुष्कृत्य के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

पन्ना/नवप्रदेश। जिला लोक अभियोजन अधिकारी, अभि.अधि.,कपिल व्यास द्वारा बताया गया कि, अभियोजन कथा संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 29.09.2019 को अभियोक्त्री ने थाना अजयगढ में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया कि मेंरे घर के सामने हल्के यादव निवासी पठा जिला छतरपुर का करीब दो तीन माह पहले से अपनी एलएनटी मशीन खडा किये है तथा गांव में नहर के पास एक मकान में किराये से रहता है हल्के यादव रोजाना उसके घर आता जाता था घटना आज से करीब चार पांच दिन पहले दिन बुधवार के शाम करीब 5 बजे की बात है वह अपने बांधी वाले खेत में तिली की फलिया तोड रही थी तभी हल्के यादव आ गया और कहने लगा मुझे तुमसे शादी करनी है और वही खेत में शारीरिक संबंध बनाया था और बोला किसी से मत बताना मौका पाकर दिल्ली भाग चलेंगे। तभी कुछ दिन बाद हल्के यादव ने कमरे में बुलाकर रूकने को कहा और दूसरे कमरे में बंद कर दिया फिर दूसरे दिन करीब शाम को बाहर निकाला तो मौसी के यहां चली गई और सारी घटना बताई तब मौसी ने माता-पिता एवं चाचा को बुलाकर सारी घटना बताई। उक्त सूचना के आधार पर थाना-अजयगढ के अपराध कमांक-311/2019 पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। बाद विवेचना अभियोग-पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण, न्यायालय श्रीमान विशेष न्यायाधीश (पाक्सों) पन्ना के न्यायालय मे हुआ। दिनेश खरे, सहा.जि.लो.अभि.अधि./वि.लो.अभि. पन्ना, द्वारा शासन का पक्ष रखते हुये साक्षियों की साक्ष्य को विन्दुवार तरीके से न्यायालय के समक्ष लेखबद्ध कराकर आरोपी के विरूद्ध अपराध संदेह से परे प्रमाणित किया गया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीर श्रेणी का अपराध मानते हुये माननीय न्यायालय से अधिकतम दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा अभिलेख पर आई साक्ष्यों, अभियोजन के तर्को तथा न्यायिक-दृष्टांतो से सहमत होते हुए अभियुक्त हल्के उर्फ पूरन यादव, को धारा 5एल/6 लै.अप.से बा.का सं.अधि. 2012 के आरोप में आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये का अर्थदण्ड से अर्थदण्ड के व्यतिक्रम पर 01 वर्ष का कठोर कारावास के दंड से दंडित किया

रीवा के 8 गांवों में फैली अज्ञात संक्रामक बीमारी

4 लोंगो की मौत से हड़कम्प, सामने आ चुके हैं दर्जनों मरीज, एक सैकड़ा सेअधिक के लिए गये सेंपल

रीवा/नवप्रदेश। जिले के सिरमौर क्षेत्र में संक्रमण का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, आलम यह है कि रोजाना इससे प्रभावित गांवों की संख्या बढ़ती जा रही है, मंगलवार को पांच गांव प्रभावित थे जो बढ़कर अब 8 हो गए हैं, 24 घंटे के अंचर चार नए गांवों में संक्रमण का ग्राफ बढ़ा है और मरीजों की संख्या बढ़ी है। बता दें कि बुधवार को एक और मौत महिला की उल्टी-दस्त की बीमारी के चलते हो गई, हालांकि वह गंभीर संक्रमण की बीमारी की चपेट में पूर्व से थी। लगातार बढ़ रहे संक्रमण के ग्राफ से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है, बीमारी के कारण को अभी तक स्वास्थ्य विभाग जान नहीं पाया है, इसका बड़ा कारण यह है कि बीमारी के जो कारण मानकर सेंपल लिए जा रहे हैं वह निगेटिव आ रहे हैं। हालांकि प्रभावित गांवो का सर्वे बुधवार को एक बार फिर मेडिकल कॉलेज की टीम सहित जिला अस्पताल की टीम ने किया है। कई सेंपल फिर से लिए गए हैं। इतना ही नहीं लगातार मानिटरिंग के लिए अलग-अलग दल तैनात किए गए हैं। गांव में जिन घरों में मरीज नहीं भी मिले हैं, वहां दवाओं का वितरण किया गया है।÷

इन गांवो में भी फैला संक्रमण

बता दें कि संक्रमण अब माड़ौ, पैपखरा, सौर 568, तेदुन में फैला था लेकिन मंगलवार की शाम ही स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि हिनौता 584 में कई लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित है, जिसके बाद देर शाम ही टीम पहुंची तो वहां 12 मरीजों को चिंहित किया गया। जिसमें दो मरीज तो प्राइवेट अस्पताल में रीवा उपचार कराने आ गए और बाकि को घर में ही दवा दी गई और आराम मिलने के बाद टीम लौटी, टीम का सपंर्क जारी था कि उन्हें सौर 569, तिलखन व बेधौआ में मरीजों के होने की जानकारी यहां जब सर्वे किया गया तो करीब 16 मरीजों को चिंहित किया गया। जिसमें तिलखन में 8 मरीज, सौर 569 में 5 मरीज व एक मरीज बेधौआ में मिला। गंभीर मरीजों के सिविल अस्पताल ले जाया गया व एसजीएमएच रेफर किया गया।÷

बिमारी की चपेट मे आने से महिला ने मायके में तोड़ा दम

बता दें कि गांव तिलखन निवासी सुशीला कोल पति राजदूत कोल उम्र 28 वर्ष की मृत्यु मंगलवार की शाम करीब सात बजे हुई। हालांकि इस बात की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को बुधवार को हुई। बताया गाया कि वह भी उल्टी दस्त से पीड़ित थी जिसे 13 जून को एसजीएमएच ले जाया गया था, यहां उसे 14 जून को दोपहर छुट्टी दे दी गई जहां से वह कमसरियत अपने मायके चली गई, देर शाम फिर तबियत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। बताया गया कि महिला गंभीर संक्रमित बीमारी से पीड़ित थी जो एक और चिंता का विषय है, अब उसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग को सेंपल लेने होंगे।जानकारी के मुताबिक जिन-जिन गांवों में उल्टी-दस्त के मरीज मिल रहे हैं, इन-इन गांव में लगातार स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेंपलिंग की जा रही है लेकिन सभी रिपोर्ट्स निगेटिव है, अब तक स्वास्थ्य विभाग इस बीमारी के फैलने का कारण नहीं पता लगा पा रहा है। बुधवार को मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल की टीमें यहां पहुंची और जांच की है, इसके अलावा टीम गांवो में तैनात है। बतादें कि मंगलवार को लिए गए सेंपलो की सभी रिपोर्ट निगेटिव आई हैं।÷

बिमारी की चपेट में है ज्यादातर दलित बस्तियां

हैरानी इस बात की है कि जिन गांवो में मरीज मिल रहे हैं, वह आदिवासी व साकेत समाज के है। जिन बस्तियों में यह निवास कर रहे हैं, वहां ही संक्रमण का ग्राफ बढ़ रहा है। बुधवार को भी मिले 23 संक्रमित में सभी इसी समाज के रहे, हिनौता 568 में अजीत कोल, सुकवरिया कोल, संगीता रावत, मोहिनी कोल, साक्षी कोल, लीलावती कोल,ओम कोल, सानू कोल, सियाप्यारी रावत, साक्षी कोल, पप्पू कोल व विशाल कोल संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा तिलखन गांव में पूजा कोल, छोटी कोल, महक कोल, सरस्वति कोल, दिलीप कोल, रामाश्रय कोल, अर्जुन कोल व अंश कोल पीड़ित मिले हैं। इसके अलावा सौर 569 में पारस कोल, गुडिया कोल, अंश साकेत, रामसजीवन साकेत व महावीर साकेत पीड़ित मिले हैं।

इनका कहना है

तीन नए गांव में उल्टी दस्त के मरीज मिले हैं, एक महिला की मौत भी हुई है। मरीजों को चिंहित कर उपचार किया जा रहा है, मेडिकल कॉलेज सहित जिला अस्पताल की टीम ने निरीक्षण किया है, पूर्व के सेंपलो की रिपोर्ट निगेटिव है, संक्रमण किन कारणों से फैल रहा इसकी जानकारी अभी फिलहाल नहीं हो पाई है।

डॉ.एनएन मिश्रा, सीएमएचओ रीवा।

महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

झाबुआ/नवप्रदेश। शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता को प्रोत्साहित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आज दिनांक 15/06/22 को महाविद्यालय मे आयोजित किया गया स इस कार्यक्रम मं निबंध, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स इस प्रतियोगिता में कई छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया स साथ ही साथ छात्र छात्राओं को अपने मत का अधिकार एवं उसकी उपयोगिता के बारे में समझाया गया स यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.सी. सिन्हा एवं कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ स इस कार्यक्रम मे नोडल अधिकारी प्रो. जैमाल डामोर, प्रो. अमित गौवरी, प्रो. पुलकिता आनंद एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध

झाबुआ। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12 अगस्त 2021 को भारत के राजपत्र में प्रकाषित अधिसूचना क्रमांक जीएसआर 571 (ई) में किए गए प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन (थर्मोकोल) वस्तुओं सहित निम्नलिखित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत प्लास्टिक स्टिक सहित ईयर बड्स, गुब्बारों के लिये उपयोग होने वाले प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैण्डी स्टिक, आईस्क्रीम की ड़डिया, पोलीस्टाइरीन (थर्मोकोल) की सजावटी सामग्री, प्लास्टिक प्लेटें, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू स्ट्रा, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माईकोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, प्लास्टिक स्ट्रीरर आदि शामिल है।

चुनाव के मद्देनजर थाना प्रभारी सुनील यादव ने शराबियों पर कसा शिकंजा

खिरकिया। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह वर्द्धमान के निर्देशन में एसडीओपी उदयभान सिह बागरी के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एंव नगर परिषद खिरकिया के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव को वैधानिक रुप से संपन्न कराने हेतु थाना छीपाबड व्दारा आचार संहिता लागू दिनांक 27.05.22 से 15.06.22 तक माईनर एक्ट के तहत कार्यवाही कर अवैध रुप से शराब बेचने वाले व्यक्तियो के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) के तहत 15 व्यि विरुद्ध कार्यवाही कर 15 प्रकरण पंजीबध्द कर 59 लीटर देशी शराब एंव 5 लीटर विदेशी शराब जप्त की गई है। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में धारा 107.116 (3) जाफौ के तहत 244 व्यक्तियो के विरुद्ध कार्यवाही कर 242 प्रकरण धारा 151 जाफ़ौ के तहत 06 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर 05 प्रकरण धारा 110 जाफौ के तहत 23 व्यक्तियो पर कार्यवाही कर 23 प्रकरण , म.प्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ब) के तहत कार्यवाही कर 02 व्यक्तियो के विरुद्ध जिलाबदर प्रकरण तैयार किया गया । प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अनावेदको को लगातार एसडीएम कार्यालय एवं तहसीलदार कार्यालय से बाउण्ड ओव्हर भी कराया जा रहा है । थाना प्रभारी सुनील यादव ने बताया कि दिन प्रतिदिन माईनर एक्ट एंव प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत लगातार अधिक से अधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पीओएस मशीन से कटेंगे ई-चालान, ऑनलाइन होगी वसूली

खरगोन/नवप्रदेश। अब यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर यातायात पुलिसकर्मी रसीद कट्टे की जगह पीओएस मशीन से वाहन चालकों पर ई चालानी और ई-पेमेंट कार्रवाई करेंगे, जिससे पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

यातायात थाने को पीओएस मशीन मिलने पर कंट्रोल रुम में प्रशिक्षण रखा गया। थाना प्रभारी यातायात सूबेदार दीपेन्द्र स्वर्णकार ने बताया ट्रैफिक नियमों की धाराएं और उनके जुर्माने की राशि मशीन में पहले से ही फीड है। जिस धारा का उल्लंघन होगा उसको भरते ही जुर्माने की राशि सामने स्क्रीन पर आ जायेगी और उसे भरना पड़ेगा। इसमें नकद, कार्ड के जरिए चालान की राशि वसूल सकेगें और अगर कुछ भी नहीं है तो 7 दिन में चालान की राशि का भुगतान किया जा सकेगा। एक हफ्ते बाद यह जुर्माना वर्चुअल कोर्ट में भरा जाएगा। अभी ये वर्चुअल कोर्ट इंदौर, भोपाल, जबलपुर में ही है। जुर्माने का मामला 15 दिन बाद स्थानीय कोर्ट में चलेगा। एक कैमरा भी लगा है जो मौके पर फोटो भी लेगा। इस लेनदेन के लिए डेबिट कार्ड/एटीएम और नेट बैंकिंग आदि का उपयोग होगा। आने वाले दिनों में यूपीआई/क्यू आर कोड सिस्टम भी लागू हो जाएगा। अगर कोई नकद भुगतान करना चाहता है तो इस पर गाड़ी का नंबर और नियम के उल्लंघन की जानकारी फीड करते ही पर्ची निकल जाएगी इसके बाद नकद भुगतान लिया जा सकेगा। पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, एएसपी मनीष खत्री और एसडीओपी रोहित अलावा की उपस्थिति में शहर कोतवाली, मेनगॉव, ऊन, और बरूड के थाना प्रभारियों सहित स्टॉफ का प्रशिक्षण हुआ।

मुनि विलोक सागर महाराज व विबोध सागर का हुआ नगरागमन

सिलवानी/नवप्रदेश। सुबह के समय भोपाल रोड जुनियापुल के समीप स्थित दयोदय गौषाला से विहार कर मुनि द्वय का नगर आगमन होने पर तहसील तिराहे पर स्थित कीर्ति स्तंभ पर अखण्ड दिगंबर जैन समाज के द्वारा भव्य आगवानी की जाकर पार्ष्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बुधवारा बाजार लाया गया । आचार्य आर्जव सागर महाराज के षिष्य मुनि विलोक सागर महाराज व मुनि विबोध सागर महाराज के आगमन की खबर मिलते ही सकल जैन समाज उत्साहित हो गई। मुनिद्वय की आगवानी की जाकर गाजे बाजे के साथ मंदिर लाया गया । रास्ते भर समाजजनो के द्वारा आरती उतारी जाकर पाद प्रक्षालन किया गया । इसके अतिरिक्त अनेको स्थानो पर आकर्षक रंगोली भी बनाई गई।

आगवानी पश्चात अपने संक्षिप्त संबोधन मे मुनि द्वय ने धर्म का मर्म

बताते हुए कहा कि समाजजनो को नियमित रुप से पूजन, अभिषेक आदि अनुष्ठान करना चाहिए । तथा बच्चो को संस्कारित किया जाना आवष्यक है। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया आकास्मिक निरीक्षण

झाबुआ /नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा के द्वारा मतदान केन्द्रों का आकास्मिक निरीक्षण किया ! जिसमें झाबुआ जनपद पंचायत के ग्राम गडवाडा के स्कूल में 02 मतदान केन्द्र एवं ग्राम गडवाडा में ही ग्राम पंचायत में स्थापित मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात देवझिरी (पण्डा) के मतदान केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया! जनपद पंचायत रामा के ग्राम पिलिया खदान, छापरी के मतदान केंद्र का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इन मतदान केन्द्रो में बेहतर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, बाथरूम वगेरह एकदम साफसुथरा हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित हो, मतदाता को बेहतर वातावरण मिले। बारिश को ध्यान में रखते हुए बरसाती टेण्ट वगेरह की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पर्याप्त मात्रा में बैठक व्यवस्था हो, बिजली की व्यवस्था अभी से पूर्ण कर लेवे, आवागमन के लिए किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबल उपलब्ध करावाया गया है। किसी भी प्रकार का भय या भ्रांति मतदान केन्द्रों पर न हो, कानून व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है। मतदान दलों के लिए भी बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। श्री मिश्रा ने अपने भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र छापरी का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री एल.एन.गर्ग, तहसीलदार झाबुआ आशिष राठौर, तहसीलदार रामा श्री सुनिल डावर, थाना प्रभारी कालीदेवी अपने स्टाफके साथ उपस्थित थे एवं नोडल अधिकारी कम्युनिकेशन गौरीशंकर त्रिवेदी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

विश्व योग एवं संगीत दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम 21 को

भोपाल। संगीत और योग दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। कहा जाये कि संगीत अगर मानसिक तनाव दूर करता है, तो योग शारिरिक क्षमता का विकास भी करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में शरीर और अस्तित्व के मध्य के संबंधों को ऋषियों, मुनियों, संतों और आचार्यों ने अनुभूत किया और लोक व्यवहार में उसके स्वीकार्य को स्थापित किया। संगीत और योग के परस्पर संबंध के चलते ही विश्व में योग और संगीत दिवस मनाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुये संस्कृति संचालनालय द्वारा 21 जून, 2022 को विश्व योग दिवस व संगीत दिवस के अवसर पर नृत्य, गायन एवं वादन पर केन्द्रित एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम म.प्र. जनजातीय संग्रहालय के सभागार में 21 जून को सायं 7.00 बजे से आयोजित किया जायेगा, जहां सुश्री मिताली व श्री तेजस विंचूरकर, पुणे द्वारा तबला एवं बांसुरी, सुश्री अनु सिन्हा एवं ग्रुप, दिल्ली द्वारा कथक समूह नृत्य एवं सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव, भोपाल द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं, प्रवेश नि:शुल्क है।

मंडलेश्वर में 8.28 बल्क लीटर शराब जब्त, 3 गिरफ्तार

खरगोन। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022.23 के मद्देनजर वृत्त महेश्वर के आबकारी दल ने मंडलेश्वर एवं श्रीनगर स्थित होटल/ढाबों पर तलाशी ली। अधिकांश संदिग्ध स्थल एवं होटल/ढाबे बंद पाए गए। 04 जगह पर अवैध मदिरा बरामदगी पर वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मोहनलाल भायल द्वारा मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क,च के तहत 04 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग की कार्यवाही में 36 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 8.28 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा जब्त कर 1200 किग्रा महुआ लहान मौके पर नष्ट किया गया। जप्त मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 68 हजार रुपये है।

फ्री बॉडी स्कैन कर बताई शारीरिक स्थिति

खरगोन। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा ने मानव शरीर में विभिन्न जांच शिविर (बॉडी स्कैनर) शिविर का आयोजन किया। इसमें चंद्रप्रताप लोधी कॉन्स्टेबल न्यूट्रीशन काउंसलर, प्रो. गणेश गुप्ता, प्राचार्य केसी केथवास, वेलनेस एडवाइजर हिमानी केथवास विशेष रुप से आमंत्रित किए गए। अध्यक्ष डॉ. कीर्ति जैन ने बताया शिविर में फ्री बॉडी स्कैन किया गया और विशेषज्ञों ने मौके पर ही बताया कि हमारे शरीर में कितना एक्स्ट्रा फैट है, कितना पानी है, मसल्स कितने एक्टिव हैं, इस प्रकार के कैंप से सभी को अपने अपने बॉडी में सभी जांच का पता चल पाई। सविता अग्रवाल ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। रक्तदान महादान समिति प्रमुख पूजा बंसल ने आभार व्यक्त किया। राधा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, उमा सोमानी, ज्योति शर्मा, जानकी खटोड़, रेणु अग्रवाल, मीना अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, किरण अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, कोशल्या अग्रवाल, जुली अग्रवाल, किरण गुप्ता, नीलू जैन आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता

महापौर की कुर्सी पर कब्जा जमाने झोंक रहे ताकत

रीवा/नवप्रदेश। नगर निगम के महापौर पद के चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा अजय मिश्रा बाबा को प्रत्याशी घोषित किया गया है, अजय मिश्रा बाबा कांग्रेस के बड़े लीडरो व कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले कांग्रेसी सहित बाबा के समर्थक सुबह 10-30 बजे करीब उत्सव राज विलास मैरिज गार्डन मे एकत्र हुए और वहां से रैली के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। इस दौरान अजय मिश्रा बाबा मीडिया से रूबरू हुए और जतना के लिए अपनी व कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकताएं बताई। इस दौरान पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना, गुरमीत सिंह मंगू, कांग्रेस शहर अध्यक्ष ग्रामीण त्रियुगी नारायण शुक्ला भगत वरिष्ठ नेता राजेंद्र शर्मा पूर्व विधायक मऊगंज सुखेंद्र सिंह बन्ना सहित सैकड़ो की की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी देखी गई । कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ लीडरों को लेकर चर्चाएं जोरो पर है, कहा जा रहा है कि अजय मिश्रा बाबा को पार्टी के नेताओं के साथ-साथ जनता का भी समर्थन मिल रहा है। अजय मिश्रा बाबा ने मीडिया से बात करते हुए कहा यदि जनता जनार्दन ने महापौर के रूप में उन्हें चुना तो पूरे शहर को मीठे पानी की समस्या से मुक्त किया जाएगा साथ ही डिफाल्टर कंपनी केके स्पन द्वारा कराए गए 214 करोड़ के सीवरेज कार्य में शहर की 130 किलोमीटर सड़क खोद दी

4 देशी पिस्टल के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

खरगोन। जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। इसी कड़ी में देशी पिस्टल सप्लाय करने निकला एक सिकलीगर युवक भीकनगांव पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों से 2 पिस्टल एवं दो अधबनी पिस्टल बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वेदा नदी पुल के पास झाडि़यों की आड लेकर पुलिस ने निगरानी रखी। कुछ देर बाद सेल्दा तरफ से एक सिकलीगर युवक हाथ मे कपडे की थैली लेकर पैदल पैदल आते दिखाई दिया, जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस देख भाग खड़ा हुआ, टीम ने पीछा कर पकड़ा। उसने अपना नाम सतनाम उर्फ सत्ता पिता अभयसिंह पटवा निवासी सिगनुर बताया, थैली को चैक करने पर 01 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल लोहे की मैग्जीन, 01 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल लोहे की मैग्जीन वाली 02 देशी कट्टे मिले। थाने लाकर सख्ती से पूछताछ करने पर उसने जसपालसिंह पिता सोहनसिंह पटवा जाति सिकलीकर निवासी सिगनूर से उक्त पिस्टल लेने की बात कबूली। उसने बताया दोनों मिलकर उक्त अवैध हथियार का निर्माण करते है। पुलिस टीम तत्काल जसपालसिंह पिता सोहनसिंह पटवा जाति सिकलीकर को भी घर से गिरफ्तार किया गया।

प्रचार रथ में बजेंगे निमाड़ी गीत, फ्लैक्स, बैनर उद्घोषणा कर मतदान के लिए करेंगे जागरुक

खरगोन। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत् जिलास्तर से मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्यांक सिंह ने नवीन कलेक्टर भवन से तीन प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ भगवानपुरा, झिरन्या एवं सेगांव विकासखण्ड की ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में भ्रमण करेंगे एवं आमजन को फ्लैक्स.बैनर, उद्घोषणा, निमाड़ी गीत आदि के माध्यम से जागरूक करते हुए मतदान करने की अपील करेगा। तीन चरणों में होने वाले इस निर्वाचन में चार तरह के मतपत्रों का उपयोग ग्रामीणजन आसानी से समझ सकें इसलिए आमजन को प्रचार रथ द्वारा जागरूक किया जाएगा।

आज होगी मतदाता जागरूकता दौड़

मतदाता जागरूकता अभियान की विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत खेल विभाग के द्वारा शुक्रवार को मतदाता जागरूकता दौड़ आयोजित जाएगी। जिला पंचायत के नीरज अमझरे ने बताया कि तीनों विकासखण्डों में यह दौड़ प्रात: 7.30 बजे से सेगांव विकासखण्ड में बीआरसी ऑफिस से बस स्टैण्ड होते हुए, भगवानपुरा विकासखण्ड में उत्कृष्ट विद्यालय से तहसील कार्यालय तक तथा झिरन्या में उत्कृष्ट विद्यालय से बाजार होते हुए विकासखण्ड ऑफिस तक होगी।

मतदाता जागरूकता सेंस गतिविधियों का समय सारणी अनुसार हो क्रियान्वयन

झाबुआ/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी सेंस जिला पंचायत झाबुआ श्री सिद्धार्थ जैन के पत्र दिनांक 8 जून, 2022 के अनुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के लिए मतदाता जागरूकता सेंस गतिविधियों को समय सारणी अनुसार क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता सेंस के तहत मतदाता प्रक्रिया एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए व्यापक जागरूकता हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/रिटर्निंग आफिसर स्थानीय निर्वाचन जिला झाबुआ अपने क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों, हाट बाजारो, मेलों एवं जनसंख्या बाहुल्य, भीड-भाड वाले सभी ग्रामों में ''खण्ड स्तरीय सेंस टीम'' के माध्यम से रूट चार्ट बनाकर गतिविधियों का सार्थक सम्पादन कराने हेतु प्रस्तावित सेंस गतिविधि कैलेण्डर तैयार किया गया है। कृपया राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप सेंस टीम, कॉलेज परिसरदूत, स्कूल, आंगनवाडी के सहयोग से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है एवं स्थानीय प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया सहित समाचार पत्रों का भी पूर्ण उपयोग करना सुनिश्चित करते हुए किए गए कार्यो/गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन मय-फोटोग्राफ, समाचार पत्रों की कटिंग सहित उपलब्ध कराई जाए। मतदाता जागरूकता सेंस कैलेण्डर त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 प्रचार-प्रसार सेंस के लिए लक्ष्य प्रचार प्रसार के माध्यम से मतदाता का प्रतिशत बढाना, मतदान का महत्व समझाना तथा मतदाताओं को अपने मताधिकारी के प्रयोग हेतु प्रेरित करना। मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया के बारे में प्रचार-प्रसार द्वारा अवगत कराना। महिला एवं युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना। जिन मतदान केन्द्रों पर विगत निर्वाचन के दौरान मतदान का प्रतिशत कम करा है। उन मतदान केन्द्रों पर मतदान का प्रतिशत बढाने हेतु प्रयास करना। मतदाता सहायता केन्द्रों की स्थापना कर उन्मुखीकरण करना। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराना। मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान के लिए मुल्य एवं महत्व सहित मतदान की भूमि के प्रति जागरूक करना। गर्भवती महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं को सुगमता से मतदान किए जाने की प्रक्रिया से अवगत कराना। आयोग द्वारा किए गए नवाचारों एवं नियमों/निर्देशों से मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों को अवगत कराना। कोविड-19 के निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अधिक से अधिक मतदान की अपील करना। प्रचार-प्रसार सेंस के लिए कैलेण्डर तैयार किया गया है। दिनांक 13 जून, को सभी मतदान केन्द्रो एवं ग्रामों में महिला चौपाल, मांडना, रंगोली, मेहन्दी आदि कार्यक्रम होगें। जिसका दायित्व महिला बाल विकास विभाग एवं मतदान केन्द्र जागरूकता दल को सौपा गया है। दिनांक 15 जून को हाई/हायर सेंकेण्ड्री स्कूल एवं समस्त कॉलेज स्तर पर चित्रकला/निबंध/स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसका दायित्व प्राचार्य नोडल महाविद्याय एवं सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, संस्था प्रधान एवं मतदान केन्द्र जागरूकता दल का होगा। दिनांक 17 जून को हाई/हायर सेंकेण्ड्री स्कूल एवं समस्त कॉलेज स्तर पर पत्र (पाती), लेखन (स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को मतदान हेतु पाती लिखकर मतदान का अनुरोध करना) का आयोजन होगा। दिनांक 19 जून को जनपद स्तर पर स्वैच्छिक संगठनों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन होगा। जिसका दायित्व एसडीएम/मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं खण्ड स्तरीय नोडल का होगा। दिनांक 21 जून जनपद स्तर पर मीडिया कैम्पस (मीडिया साथियों की वर्कशॉप) का आयोजन होगा। जिसका दायित्व एसडीएम/मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं खण्ड स्तरीय नोडल का होगा। दिनांक 22 जून को सभी मतदान केन्द्रों पर महिला एवं किशोरी सभा का आयोजन होगा। इसका दायित्व महिला बाल विकास विभाग एवं मतदान केन्द्र जागरूकता दल का होगा।

अनदेखी! खेती की जमीन पर उग रही राजधानी में इमारत की फसल

बिल्डरों की मनमानी पर लगाम नहीं, साजबाग में ठगे जा रहे लोग

दीपक अरोरा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में लगातार बढ़ती भीड़ तथा जगह के अभाव में लोग अब आसपास के ग्रामीण इलाकों में बस ने लगे हैं जिसका पूरा पूरा फायदा बिल्डर उठा रहे हैं। आसपास के इलाकों की खेतीहर जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है जिसके चलते फसल उगाने वाली जमीन अब अनाज की जगह इमारत उगाने लग गई है जिसके चलते सरकार को राजस्व की हानि हो रही है तो वहीं अवैध रूप से हो रही प्लाटिंग के कारण आम जनता को भी सुविधा नहीं मिल पा रही है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर अपनी भव्यता तथा सुंदरता के चलते हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। राजधानी होने के कारण हर व्यक्ति का अपना एक छोटा सा घर राजधानी में होने का सपना होता है परंतु लोगों के सपनों को पलीता करने पर राजधानी के कुछ बिल्डर लगे हुए हैं जो अवैध रूप से प्लाटिंग कर खेतिहर जमीन को टुकड़ों-टुकड़ों में बेच रहे हैं जिसके चलते राजधानी के इर्द-गिर्द जहां खेती का रकबा कम होता चला जा रहा है तो वहीं फसल उगाने वाली जमीन अब इमारत उगाने लगी है।

लोगों को बिल्डरों ने दिया ये आश्वासन

जब नवप्रदेश ने कुछ लोगों से मुलाकात की तो उन्होंने बताया कि प्लाट फिटिंग करने वाले ने उन्हें आश्वस्त किया है कि शासन से मिलने वाली समस्त सुविधाएं उन्हें उपलब्ध करा दी जाएंगी। इस तरह का दावा कर भू माफिया भोले भाले लोगों को जमीन बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और भोले-भाले लोग इन बिल्डरों की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर अपनी जमा पूंजी गंवा रहे हैं। परंतु जब तक यह सारी बातें खरीददार को समझ में आती है तब तक बिल्डर सभी प्लाट बेच कर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं और खरीददार केवल मन मसोसकर चुप्पी साध लेता है। ऐसी स्थिति में सरकार को नियम के विपरीत चल रहे अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि जिंदगी के सुनहरे सपने दिखा कर अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफिया भोली भाली जनता के सपनों से खिलवाड़ ना कर सके।

राजधानी के आसपास अवैध प्लाटिंग

राजधानी में लगातार जमीनों की बढ़ती महंगाई तथा भीड़ के कारण अनेकों बिल्डर शहर के आसपास ग्रामीण इलाकों में बिना किसी अनुमति के प्लाटिंग कर रहे हैं। फसल उगाने वाली जमीन को एकड़ के दाम पर खरीद कर प्रति फुट के हिसाब से बेच रहे हैं आश्चर्यजनक बात तो यह है कि इनके पास प्लॉटिंग किए जाने के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं है और ना ही रेरा द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन किया जा रहा है जिसके चलते बिल्डर जहां मालामाल होते चले जा रही है तो वहीं सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि तो हो ही रही है। खरीददार भी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। लगातार हो रही अवैध प्लाटिंग को लेकर यदि सरकार द्वारा कड़ा रुख अख्तियार नहीं किया गया तो कभी भी विस्फोटक स्थिति निर्मित हो सकती है जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन के उन सफेदपोश चेहरों की होगी जो लगातार बिल्डरों को संरक्षण प्रदान कर आम जनता की जेब में डाका डाल कर सरकार को राजस्व को हानि पहुंचाने में लगे हुए हैं।

इन इलाकों में हो रही अवैध प्लाटिंग

राजधानी से लगे ग्राम दोंडे खुर्द नरदहा ओल्ड धमतरी, रोड पचेड़ा, रिंग रोड नंबर 1 भाटा गांव, अमलीडीह विधानसभा के आगे कचना, दलदल सिवनी, आरंग रोड इन इलाकों पर धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग की जा रही है आश्चर्यजनक बात तो यह है कि बिल्डर बकायदा स्वयं रोड रास्ते निकाल कर प्लाटों पर मार्किंग कर बेच रहे हैं बावजूद उसके राजस्व विभाग के जिम्मेदार अफसरों की नजर इस पर ना पढ़ने से सवालिया निशान उठने लगे हैं। अवगत हो कि राजधानी में जहां निगम तथा रेरा से अनुमति प्रदान कर अनेकों प्रोजेक्ट प्रारंभ है इन महंगे प्रोजेक्टों में भी निवासरत लोग अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर तरस रहे हैं ऐसी स्थिति में बिना किसी अनुमति के भू माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग कर टुकड़ों में जमीन बेचे जाने से मकान बनाने वाले लोगों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं के लिए लंबा सफर करना पड़ेगा।

एम्स में नियमित रक्तदान करने वाले संस्थान, रक्तदाताओं का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में 20 संस्थानों को निरंतर रक्तदान करने और 40 स्वैच्छिक रक्तदाताओं को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। विशेषज्ञों ने रक्तदान को समाज की सर्वोच्च सेवा बताते हुए रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 54 यूनिट रक्तदान भी किया गया। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और ब्लड बैंक विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, एनसीसी सहित 20 संस्थानों को सम्मानित किया गया। यह सभी वर्षभर स्वैच्छिक रक्तदान के लिए नियमित शिविर आयोजित करते हैं। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने अपने संदेश में इन सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेडिकल संस्थान होने की वजह से एम्स को निरंतर रक्तदान की आवश्यकता होती है। यह सर्वोच्च समाज सेवा है। आवश्यकता रक्तदान को लेकर पैदा हुए भ्रम को दूर कर समाज के सभी वर्गों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की है। इस अवसर पर डीन (अकादमिक) प्रो. आलोक सी. अग्रवाल, डीन (परीक्षा) प्रो. एली मोहापात्रा और वित्त सलाहकार बी.के. अग्रवाल ने 60 से अधिक स्वैच्छिक संस्थानों और रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इसमें साइंस कालेज, हीरापुर गुरुद्वारा, नर्सिंग एसोसिएशन सहित चिकित्सक, नर्स, ग्रुप बी स्टाफ, अस्पताल परिचारक, सुरक्षाकर्मी और सफाईकर्मी भी शामिल हैं। डॉ. रमेश चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर 54 यूनिट रक्तदान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तेजस्वनी और डॉ. श्रीलक्ष्मी ने किया। डॉ. जीतेन कुमार मिश्रा, डॉ. आदित्य सोमानी, डॉ. वरूण आनंद और डॉ. पंकज कन्नौजे को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ लाहरे, डॉ. अंकित सहाय, डॉ. अंकित जैन और अजय यादव ने भाग लिया। डॉ. मीनल वासनिक ने धन्यवाद दिया।

स्कूल में छात्रों को शासकीय योजनाओं का मिलेगा लाभ

पुस्तक, ड्रेस और साइकिल का किया जाएगा वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पुस्तक और ड्रेस का विभागीय योजना के तहत किया जा रहा है।

विभागीय योजनाओं के तहत छात्रों को पुस्तक और ड्रेस का वितरण प्रारंभ किया जा चुका है।जिले के सभी विकासखंडों में छात्रों के लिए पुस्तक उपलब्ध कराया जा चुका है।इसी तरह छात्रों के लिए ड्रेस धरसींवा विकासखंड में भेजा जा चुका है तथा शेष विकासखंडो में हथकरघा से मिलने पर स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा।इसी तरह छात्रों को स्कूल आने जाने के लिए साइकिल का वितरण शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर निर्देशानुसार यथाशीघ्र किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ए.एन.बंजारा ने बताया कि छात्रों को पुस्तक और ड्रेस का वितरण अवकाश अवधि में भी किया गया है।जिन छात्रों को पुस्तक नही मिला है, उन्हें स्कूल खुलने के दिन वितरित कर दिया जाएगा। इस संदर्भ में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।जिन स्कूलों में ड्रेस और पुस्तक वितरण पिछड़ा है, उन स्कूलों के प्राचार्यों को वितरण प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है।वितरण की प्रोग्रेस रिपोर्ट भी मांगी गई है।

आज कांग्रेस का केन्द्र सरकार के खिलाफ ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा केंद्रीय द्वारा राजनैतिक विद्वेषवश सत्ता के ताकत का दुरुपयोग करते हुए केंद्रीय एजेंसियों जैसे - प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर देश के प्रमुख विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही के विरोध में एवं केंद्र की मोदी सरकार द्वारा शांतिपूर्वक न्याय की मांग कर रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ एआईसीसी मुख्यालय में घुसकर बल प्रयोग करते हुए की गई क्रूरता के साथ बेरहमी से की गयी पिटाई के विरोध में 17 जून 2022 को प्रदेश के समस्त नगर एवं ब्लॉक मुख्यालयों में स्थित केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यालयों के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति को एसोचेम का मिला रिसर्च इनोवेशन अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. के. पी. यादव को भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचेम) ने एक्सीलेंस इन एकेडमिक एंड रिसर्च इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया है। एसोचेंम वाणिज्य संघों की प्रतिनिधि संस्था है जिसके द्वारा अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और अनुसंधान कार्यों में नवाचार के आधार पर विद्वानों को सम्मानित किया जाता है।यूएसए से विश्व गुरू की उपाधि तथा अमेरिका से डी.लिट की उपाधि प्राप्त मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलपति प्रो. के.पी. यादव ने विश्व के अनेक देशों नाइजीरिया, टोगो, घाना, केन्या आदि के शोधार्थियों को अमेरिका की किंगडम लाइफ क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी के बैनर तले आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में शोध की बारीकियों से निरंतर अवगत कराते है। प्रो. यादव यसबड यूनिवर्सिटी, जाम्बिया, साउथ अफ्रीका के शोधार्थियों को भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कुलपति प्रो. के.पी. यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य एवं भारत का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है। श्री यादव राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नेक), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, एआईसीटीई (भारत सरकार), आईसीएआर, बार काउंसिल ऑफ इंडिया तथा लोक सेवा आयोग की विशेषज्ञ समिति के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएँ देते रहे हैं। उन्होंने कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्यावरण के क्षेत्र में अब तक 21 किताबें लिखी हैं तथा राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 140 से भी ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित व प्रस्तुत किये हैं। उन्हें 13 पेटेंट व कॉपीराइट प्राप्त हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों तथा विश्व स्तर पर ज्ञान प्रदान करने के प्रयासों को महत्व प्रदान करते हुए भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचेम) ने एक्सीलेंस इन एकेडमिक एंड रिसर्च इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया है। प्रो. केपी यादव की इस उपलब्धि पर मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया एवं महानिदेशक प्रियेश पगारिया सहित विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त कर अपनी शुभकामनाएँ दी हैं।

भारतीय सांस्कृतिक निधि ने किया छग के लुप्तप्राय: वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सांस्कृतिक निधि ने छत्तीसगढ़ के लुप्त होते वाद्ययंत्रों को सहेजने तथा इसके वादन एवं महत्व से लोगों को अवगत कराने आनंद समाज वाचनालय में छत्तीसगढ़ के लुप्तप्रायः वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाषा विद वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. चितरंजन कर थे। आनंद समाज के सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दो दिनों तक विभिन्न वाद्ययंत्रों के वादन का प्रशिक्षण भी दिया गया। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. द्वारा रायपुर के इस प्राचीन आदंन समाज को नया कलेवर दिया गया है। यहां के सर्वसुविधायुक्त सभागृह में राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक, सांगितिक और कलात्मक आयोजन होते रहते है। इसी कड़ी में भारतीय सांस्कृतिक निधि ने यहां छत्तीसगढ़ के लुप्त प्राय वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के लुप्त होते वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा उपस्थित लोगों को वाद्ययंत्रों की जानकारी तथ वादन सिखाया गया।

पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में हुआ हैकमंथन-हैकाथन का उद्घाटन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा की मुख्य आतिथ्य में हैकमंथन नामक हैकाथन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। समारोह विशेष अतिथि के रूप में प्रदीप सिन्हा, निदेशक, ट्रिपल आईटी सम्मिलित हुए एवं तकनीकी सेवा के प्रमुख प्रदीप गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा मेजबानी की गयी। गौरतलब है कि पुलिस की तकनीकी संबंधी समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) नवा रायपुर के सहयोग से दिनांक 27 मई 2022 से ''हैक-मंथन'' नामक हैकाथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (तकनीकी सेवा) कवि गुप्ता ने बताया कि महीने भर चलने वाले इस प्रतियोगिता में देशभर से सूचना प्रोद्यौगिकी से जुडे तकनीकी संस्थान जैसे- आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी आदि के 460 टीमें शामिल है।

स्वीकृत आवेदनों के आधार पर प्रथम चरण में दिनांक 13 जून से 20 जून तक हैकाथन हेतु जारी प्राब्लम स्टेटमेंटस का समाधान कोडिंग के माध्यम से ढूढ़ने हेतु प्रतिभागियो द्वारा प्रयास किया जायेगा। प्रथम चरण के प्रतियोगिता के बाद कुल 12 टीमों को फाइनल राउंड हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। अंतिम चरण 29 जून 2022 को होटल मैरियट, रायपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें चयनित टीमो द्वारा अपने द्वारा तैयार किये गये समाधान प्रस्तुतिकरण दिया जायेगा। इन प्रस्तुतिकरण के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं की घोषणा कि जायेगी जिन्हे क्रमशः 80 हजार, 40 हजार, एवं 20 हजार रूपये नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

अब मोदी सरकार सेना को भी ठेका प्रथा से चलायेगी

चार साल का ठेका खत्म के बाद युवाओं के भविष्य का क्या होगा : मरकाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि सैन्य विशेषज्ञो, तीनो सेनाओ के उच्चतम अधिकारियों व रक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने मोदी सरकार की इस पूरी स्कीम पर गहन चिंता जताई है। एक से अधिक सैन्य अधिकारियों व विशेषज्ञों ने कहा है कि मोदीसरकार का यह फैसला भारतीय सेनाओं की गरिमा, परंपरा, जुड़ाव की भावना व अनुशासन की परिपाटी के साथ खिलवाड़ है। रक्षा विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि 4 साल की कॉन्टैक्ट भर्ती देश की सुरक्षा के लिए उचित संदेश नहीं। यह निर्णय कहीं न कहीं तीनो सेनाओं की कार्यक्षमता, निपुणता, योग्यता, प्रभावशीलता व सामर्थ्य पर समझौता करने वाला है। सबसे चिंता का विषय है कि चार साल के बाद इन युवा सैनिकों के भविष्य का क्या होगा? यह सब तब किया जा रहा है, जब भारत के दो एक्टिव बॉर्डर हैं तथा देश पाकिस्तान व चीन के साथ जुड़ी सीमा पर लगातार संघर्षरत है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार बताये तीनों सेनाओं में 2,55,000 से अधिक पद खाली पड़े हैं। मोदी सरकार ने 2 साल से सेनाओं की भर्ती क्यों रोक रखी है। 'अग्निवीर स्कीम' से तीनों सेनाओं में हर साल 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत कम यह स्कीम केवल तनख्वाह, पेंशन, हैल्थ बेनेफिट्स व कैंटीन सेवाओं आदि में कटौती करने के लक्ष्य से बनाई गई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भारत की तीनों सेनाओं की एक विशेष गरिमा, इतिहास, चरित्र व अनुशासन की परिपाटी है। सेना में सबसे बड़ा एस्सेट सैनिक है, जो 'यूनिट' के जुड़ाव के आधार पर लड़ता है और देश की रक्षा करता है। सैनिक के बलिदान की भावना, जिसे 'नाम', 'मक' व 'निशान' से जाना जाता है, वह सालों के जुड़ाव से पैदा होता है। एक अनुशासित कमान में हर कुर्बानी देने वाली फौज के लिए परंपराओं का यह जुड़ाव उन्हें एक परिवार बनाता है, तथा उस मार्ग पर चलकर वह देश के लिए सर्वोच्च कुर्बानी करने को सदैव तत्पर रहते हैं। क्या चार साल के कॉन्टैक्ट भर्ती के सैनिक इस परंपरा, परिपाटी, जुड़ाव व अनुशासन की भावना अपना पाएंगे? क्या इतने थोड़े समय में यह संभव हो पाएगा?

चेम्बर कार्यकारिणी समिति ने मुख्यमंत्री का होलसेल कॉरिडोर के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया

संविधान संशोधन सहित कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से हुए पारित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की तृतीय बैठक आज दिनांक 15 जून 2022 को दोपहर 12 बजे चेम्बर कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयोजित हुई। तत्पश्चात् विषय सूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें पिछली कार्यकारिणी की बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, लगभग 620 प्राप्त नये सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच के पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई, 44 सदस्यों से प्राप्त आवेदन फर्मों के नामध्स्थानध्प्रतिनिधि के नाम परिवर्तन, रू. 2000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति, होलसेल मार्केट के संबंध में चर्चा, संविधान संशोधन के संबंध में चर्चा, चेम्बर के वार्षिक सम्मेलन (आमसभा) आयोजित करने हेतु विचार विमर्श, चेम्बर कर्मचारियों के वेतन वृद्धि पर चर्चा एवं अन्य विषय-अध्यक्ष महोदय की अनुमति से आदि विषयों पर चर्चा हुई। उपरोक्त सभी विषयों पर कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने कार्यकारिणी समिति की तृतीय बैठक में अपने उद्बोधन में विगत 15 महीनों के कार्यकाल में किये गये कार्यों एवं उपलब्धि की विस्तृत जानकारी सदस्यों को दी, उन्होंने कहा कि चेंबर की कोशिशों का ही ये परिणाम है कि रायपुर से अहमदाबाद की फ्लाइट शुरू हुई, चेंबर ने अपनी महती भूमिका निभाते हुए बजट के पूर्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को सुझाव भेजे।

प्रथम पेज का शेष

नैतिक जीवन मूल्य में हो

मन-मुटाव होने पर भी बच्चों के सामने विवाद नहीं करें। बच्चों को स्कूल भेज कर यह समझना कि बच्चों के विकास की ?िम्मेदारी केवल शिक्षकों की है, उचित नहीं है। पालकों को प?ाई और परीक्षा प्रबंधन में भी बच्चों का सहयोग करना चाहिए। बच्चों पर परीक्षा का दबाव नहीं बनाएँ। परीक्षा में सफलता के लिए नियमित प?ाई जरूरी है।

आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़ा

अभी तक 12 जिलों में प्रकरणों का परीक्षण कर संदिग्ध 84 चिकित्सालय की सूक्ष्म जाँच एवं ऑडिट कराया गया है, जिसकी प्रारंभिक जाँच में 27 अस्पतालों में अनियमितता परिलक्षित हुई है। इन पर कार्यवाही की जा रही है।

कुएं में गिरी बोलेरो, बच्चे समेत

ने बताया, बारात खमारपानी से भाजीपानी गई थी। रात 12 बजे तक खाना-पीना हो गया था। 10 लोग बोलेरो से लौट रहे थे। रास्ते में बाइक से बोलेरो की टक्कर हुई और इस वजह से यह हादसा हो गया। गांव के सरपंच को सुबह सूचना मिली। इसके बाद हम घटनास्थल पर पहुंचे।,स्क संजीव उईके ने बताया कि हादसे में बाइक सवार भी घायल हुए हैं। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

खुशखबरी...मप्र में आया

बिहार में और ज्यादा सक्रिय हो गई। कई इलाकों में गुरुवार सुबह से ही घने बादल छाने लगे थे। मौसम विभाग ने बताया कि अभी अरब से आना वाला मानसून बैतूल और खंडवा में ही सक्रिय है। यह शुक्रवार को आगे ब? सकता है। इसके 48 घंटे के अंदर यह इंदौर में पहुंच सकता है। भोपाल में मानसून की एंट्री 72 में हो सकती है। बंगाल की खा?ी से जबलपुर के रास्ते मानसून की एंट्री शुक्रवार को सकती है।

अग्निपथ स्कीम...

बिहार से शुरू इस आंदोलन की आग देश के अलग-अलग राज्यों में फैल रही है। आइए जानते हैं, अग्निपथ स्कीम के विरोध में कहां-कहां उतरे हैं अभ्यर्थी और क्या हैं हालात... सेना के तीनों अंगों जल सेना, थल सेना और वायु सेना में सबसे ज्यादा जवान यूपी और बिहार से आते हैं। रक्षा मंत्रालय द्वारा संसद में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक सेना में शामिल 2.18 लाख जवान यूपी से हैं।

राहुल से ईडी की ...

विधायक गुरुवार सुबह 11 बजे रायपुर के डॉ. भीमराव आम्डबेकर चौक पहुंचे। वहां उन्होंने धरना दिया। इस दौरान नेताओं ने कहा, केंद्र सरकार कांग्रेस और विपक्ष को बदनाम करने और सवाल उठाने वाले नेताओं को तोड़ने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। राहुल गांधी भाजपा की हर चाल को बेनकाब कर रहे हैं। इसलिए वे उनकी आंखों में सबसे अधिक खटक रहे हैं।

गलवान के शहीदों को ..

हूं। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पहले 15 और 16 जून की रात को गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच भीषण और हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में भारतीय सेना के एक कर्नल सहित 20 सैनिक शहीद हो गए थे। झड़प के दौरान चीन के भी बड़ी संख्या में सैनिक हताहत हुए थे।

अस्पताल में हैं सोनिया ...

के पास ही हैं। कांग्रेस सांसद से लगातार तीन दिनों में 30 घंटे तक मैराथन पूछताछ की गई थी।

माफी स्वीकार नहीं; कोर्ट ...

मुद्दे को हाथोंहाथ लपक लिया और किरण बेदी पर हमला बोला। आप ने कहा कि किरण बेदी की यह टिप्पणी सिखों का मजाक उड़ाने जैसा है और यह शर्मिंदा करने वाली बात है।

सावधान! भारत में चौथी ...

लोगों ने इस महामारी को मात दी है।

धर्मशाला पहुंचे पीएम मोदी...

बरसाते रहे। पीएम भी अपनी गाड़ी से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे। थोड़ी देर के लिए यहां का वातावरण गुलाब की खुशबू से महक गया। रोड शो में करीब 25 हजार भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

संक्षिप्त समाचार

इन्होंने मेरा मानसिक संतुलन बिगाड़ दिया...ऐसा लिख खा लिया जहरः इंदौर में सूदखोरों से परेशान सैलून संचालक ने की सुसाइड

इंदौर- इंदौर में एक सैलून संचालक ने सूदखोरों से परेशान होकर बुधवार को जहर खाकर जान दे दी। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें पांच लोगों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। सैलून संचालक दामोदर परमार ने सुसाइड नोट में लिखा...

मैं बहुत परेशान था और मेरा मानसिक संतुलन खराब कर दिया लोगों ने। इसलिए मुझे यह कदम उठाना पड़ा। सॉरी पापा, नानी और मोना। अंकुश अपना ख्याल रखना। तेरी मां को भी यह सूदखोर परेशान कर रहे थे। छोटू शुक्ला, संजय जैन, गोलू कुशवाह , मनीष पुरी गोस्वामी अरिहंत नगर पान की गुमटी वाला, सुरेश सेन इनको सजा मिलनी चाहिए। ङ्खढ्ढ रमेश चंद्र भास्करे के मुताबिक अरिहंत नगर निवासी दामोदर (38) ने बुधवार दोपहर अपने घर में जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर अरबिंदो अस्पताल पहुंचे। दमोदर की उपचार के दौरान अस्पताल में बुधवार देर शाम मौत हो गई। पुलिस को दामोदर के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने पांच लोगों से कर्ज लेने की बात कही है। लिखा है कि सभी सूदखोर उसे परेशान कर रहे थे। इसी बात से तंग आकर वह अपनी जान दे रहा है। पुलिस ने मामले में सुसाइड नोट जब्त कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

परिवार में दो बेटी और एक बेटा

दामोदर के परिवार में उसकी पत्नी प्रियंका, दो बेटी और एक बेटा है। परिवार के अन्य सदस्य भी घर के आसपास ही रहते हैं। दामोदर ने पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज लिया था।

मिस इंडिया टूरिज्म सौन्दर्या शिरकत करेंगी जन परिषद में

भोपाल । आगामी 20 जून को संस्था जन परिषद के होने वाला 33वें वार्षिक समारोह,जस्टिस आई. एस. श्रीवास्तव, मिस टूरिज्म वर्ल्ड इंडिया सुश्री सौन्दर्या गर्ग, मिसेज यूनिवर्स (कॉफिडेंट) सुश्री श्रुति पटोले, मिसेज इंडिया ग्लोब हेमा बैजल एवं मिस इंडिया शुभस्टार आशिता कोचर की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है । उक्त जानकारी देते हुए जन परिषद संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डी जी पी श्री एन के त्रिपाठी एवं महा सचिव श्री अजय श्रीवास्तव नीलू ने बताया कि समारोह श्यामला हिल स्थित राज्य संग्रहालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा । उन्होंने बताया कि अब तक जनपरिषद के देश भर में 180 तथा विदेशों में 8 चैप्टर्स बन चुके हैं।

इंदौर में मौलवी ने करवाया बाल विवाहः अफेयर के चलते लड़के के परिवार ने बनाया दबाव तो करवा दी शादी

इंदौर- खजराना में एक 15 साल की लड़की का निकाह करवाने के मामले में मौलवी और दूल्हे सहित करीब आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक परिवार ने नाबालिग लड़की और दूल्हे के बीच अफेयर के चलते दोनों की शादी करवा दी थी। पुलिस ने इस मामले में सभी पर पॉस्को एक्ट और रेप सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया है। वही पीड़िता को सामाजिक संस्था के सुपुर्द किया है।

TI दिनेश वर्मा के मुताबिक बुधवार को एंटी चाइल्ड मैरिज स्क्वॉड के अधिकारी महेन्द्र पाठक ने शिकायत की थी कि इलाके में रहने वाली एक 15 साल की लड़की का 4 जुलाई 2021 को निकाह करा दिया था। मामले में पुलिस ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए बुधवार को मौलना मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद जाकिर हुसैन निवासी नाहर शाह वाली दरगाह और 19 वर्षीय दूल्हे वह उसके रिश्तेदार अरबाज ,शाहरूख, साजिद और राशिदा के खिलाफ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 9 व 11 एवं धारा 376, 376(2ठ्ठ),376(3),344,506, 34 आईपीसी और पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। मामले में आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

दोनों के बीच अफेयर का पता चला तो करवा दी शादी

पुलिस के मुताबिक नाबालिग पीड़िता और दूल्हा दोनों एक ही इलाके के रहने वाले है। यहां लड़की और लड़के के बीच प्रेम संबंध हो गए थे। इसके लिए लड़के के परिवार के लोगो ने शादी को लेकर दबाव बनाया। पीड़िता के पिता नही होने के चलते मां पर दबाव बनाकर लड़के पक्ष के लोगों ने 14 साल की लड़की से ही निकाह करवा दिया। इसके बाद मां से पीड़िता की बातचीत बंद कर लड़के ने मारपीट शुरू कर दी। मामले की शिकायत खजराना पुलिस तक पहुंची। जिसके बाद सभी पर अलग-अलग धाराओं में कार्रवाई की गई।

पुलिस जब्त करेगी स्कूल के दस्तावेज

पुलिस ने जब लड़की के पति और अन्य लोगों पर कार्रवाई की तो वह यह दबाव बनाने लगे कि लड़की बालिग है। जिसके बाद लड़की की मां की तरफ से स्कूल की कक्षा की मार्क शीट पेश की गई। वही गुरुवार को पुलिस इलाके के स्कूल में जाकर नाबालिग लड़की की उम्र की सच्चाई पता करने के लिये दस्तावेज जब्त करेगी।

केंद्र सरकार की अग्निपथ स्कीम का देशभर में विरोध हो रहा

ग्वालियर में चक्काजाम-तोड़फोड़, सड़क और रेलवे ट्रैक पर आगजनीः पुलिस का लाठीचार्ज

आंसू गैस के गोले छोड़े; दिल्ली आने-जाने वाली ट्रेनें प्रभावित

ग्वालियर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की अग्निपथ स्कीम का देशभर में विरोध हो रहा है। बिहार से निकली ये चिंगारी अब मध्यप्रदेश तक पहुंच गई है। ग्वालियर के गोला का मंदिर में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं ने चक्काजाम कर बीच सड़क पर टायर फूंके। उग्र युवाओं ने बिरला नगर रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ कर दी। कुर्सियां और पंखे तोड़ दिए। रेलवे ट्रैक पर आग लगा दी। एक ट्रेन पर ट्रैक से उठाकर गिट्टियां फेंकी। यही नहीं, बिरलानगर स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन के शीशे भी फोड़ दिए। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मामले में कुल चार केस दर्ज किए गए हैं। इनमें दो पुलिस और दो एफआईआर आरपीएफ में दर्ज की गई हैं। युवाओं के पथराव में 2 पत्रकार समेत 10 लोग घायल हुए हैं। हंगामे की खबर मिलते ही पूरे शहर में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है, लेकिन आक्रोशित युवाओं ने पुलिस को देखते ही पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर युवाओं को खदेड़ा। रिजर्व फोर्स के आने के बाद हालात संभले। ट्रेन यातायात भी प्रभावित हुआ है। कई ट्रेनों को आगरा और झांसी पर रोक दिया गया है। कई ट्रेनें चार से पांच घंटे ले होंगी।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। प्रॉपर्टी का मेजर लॉस नहीं है। स्स्क्क ने अमित सांघी ने कहा- ङ्कढ्ढष्ठश्वह्र फुटेज के

जरिए हंगामा करने वालों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। शाम को कंट्रोल रूम में बैठक की जाएगी।

सुबह से ही जुटने लगे थे युवा ...पुलिस इरादे नहीं भांप सकी

ग्वालियर के मुरार छावनी में सुबह से ही युवा जुट रहे थे। पुलिस उनके इरादे भांपने में चूक कर गई। जब तक पुलिस कुछ समझ पाती, 500 से ज्यादा युवा जुट गए। गोला का मंदिर इलाके में तोड़फोड़ की। सड़कों पर टायर फूंके। ट्रैफिक रोक दिया।

रेलवे ट्रैक पर जलते टायर फेंके, तोड़फोड़

गोला का मंदिर चौराहे पर हंगामा करने के बाद युवाओं की भीड़ बिरला नगर स्टेशन पहुंच गई। टायरों को जलाकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिए। पूरे स्टेशन में तोड़फोड़ की। कुर्सियां, बेंच और दुकानों में तोड़फोड़ की।

कई ट्रेनों का रूट प्रभावित

घटना के कारण दिल्ली से भोपाल और भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। दिल्ली से भोपाल की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों को आगरा पर रोक दिया गया है। वहीं, भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों को झांसी स्टेशन पर ही खड़ा कर दिया गया है। करीब आठ से 10 ट्रेनें चार से पांच घंटे लेट हैं। झांसी होकर दिल्ली जाने वाली स्वर्ण जयंती को कुछ देर पहले ही झांसी से दिल्ली के लिए रवाना किया गया है। वहीं, झेलम एक्सप्रेस को भी कुछ देर पहले ही आगरा से भोपाल की ओर रवाना किया गया है। रेलवे ने ट्विटर पर तीन ट्रेनों का रीशेड्यूल टाइम भी जारी किया है।

दहशत में बाजार बंद

सेना भर्ती को लेकर आक्रोशित युवाओं के तेवर देखकर लोगों को सेना भर्ती-2014 में हुआ उपद्रव का सीन याद आ गया है। तब ग्वालियर के मेला ग्राउंड में सेना भर्ती के दौरान हुए विवाद के बाद करीब 25 से ज्यादा गाड़ियां जला दी गई थी। एक करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति की तोड़फोड़ की गई थी। गुरुवार को हंगामा होते ही लोग दहशत में आ गए हैं। पूरा स्टेशन बजारिया, गोला का मंदिर, मुरार बाजार बंद कर व्यापारी दुकान के अंदर ही खुद को बंद कर बैठे गए।

कमलनाथ बोले- अग्निपथ है या अग्निकुंड

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा- यह बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा है। अब क्या ऐसी टेंपरेरी अप्रोच से भारत भूमि की रक्षा होगी और ऐसे भारत माता के सम्मान की सुरक्षा होगीड़ असली राष्ट्रभक्ति सामने आ रही है? यह अग्निपथ है या अग्निकुंड?

वीडी शर्मा बोले- नौजवानों को गुमराह होने की जरूरत नहीं

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि अग्निपथ योजना से स्किल्ड युवाओं को सेना के अलावा देश के अंदर अन्य स्थानों पर भी अवसर मिलेंगे। दुर्भाग्य है कि है कि कांग्रेस और तथाकथित लोगों के पास देश में अस्थिरता लाने के अलावा दूसरा काम नहीं है। झूठ बोलो और गुमराह करो। अच्छी से अच्छी चीजों के बारे कैसे भ्रम फैलाया जा सकता है। भ्रम फैलाने काम शुरू कर दिया है। नौजवानों को योजना को बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। गुमराह होने की जरूरत नहीं है। सेना की भर्ती बंद नहीं है। सेना की भर्ती लगातार होगी। मामले में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ जैसे लोगों ने इस मामले में भ्रम फैलाने की कोशिश की है। केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को सेना में अवसर देने की नवीन अग्निपथ योजना मील का पत्थर साबित होगी।

अग्निपथ स्कीम है क्या?

अग्निपथ स्कीम आर्म्ड फोर्सेज के लिए एक देशव्यापी शॉर्ट-टर्म यूथ रिक्रूटमेंट स्कीम है। इस स्कीम के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को अग्निवीर कहा जाएगा। अग्निवीरों की तैनाती रेगिस्तान, पहाड़, जमीन, समुद्र या हवा, समेत विभिन्न जगहों पर होगी।

टीयर गैस और एक-दो जगह हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा

स्स्क्क अमित सांघी ने बताया- 12 बजे गोला के मंदिर पर युवक जमा हुए थे। एडीशनल एसपी पहुंचे, लेकिन भीड़ अचानक बड़ गई और गोला का मंदिर इलाके को जाम कर दिया। अपने साथ लाए पुतले को जलाया। फोर्स पहुंचा तो सभी रेलवे स्टेशन तरफ चले गए। रास्ते में रेलिंग उखाड़ी। स्टेशन पर बैंच-ठेले पलट दिए। यहां से मुख्य रेलवे स्टेशन की ओर बड़े।

सतना में मतदान से पहले चुनावी हिंसा

सरपंच प्रत्याशी के भाई ने की पूर्व उपसरपंच की हत्या

केस बनाने के लिए खुद को मारी गोली, कुड़िया दुर्गापुर पंचायत में तनाव

सतना/नवप्रदेश। पंचायत चुनाव के लिए मतदान के पहले ही सतना में चुनावी हिंसा शुरू हो गई है। अपने भाई को सरपंच पद का चुनाव जिताने के लिए एक हिस्ट्रीशीटर ने पूर्व उप सरपंच की हत्या कर दी है। हत्या के बाद उसने केस बनाने के लिए खुद को भी गोली मार ली और अस्पताल में भर्ती हो गया। घटना के बाद कुड़िया दुर्गापुर पंचायत में तनाव है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और एहतियाती कदम उठा रही हैं।

जानकारी के मुताबिक सिंहपुर थाना क्षेत्र की कुड़िया दुर्गापुर पंचायत के पूर्व उप सरपंच राजमन कोल की हत्या कर दी गई। राजमन के साथ बुधवार की रात गांव के हिस्ट्रीशीटर बदमाश सनी सिंह ने बुरी तरह मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल राजमन को संजय गांधी मेडिकल हॉस्पिटल रीवा ले जाया गया था, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

इधर रीवा में राजमन की मौत की खबर आई तो उधर पता चला कि सनी सिंह भी चुपचाप सतना के सरकारी अस्पताल पहुंच कर भर्ती हो गया है। उसने लोगों और डॉक्टरों को बताया कि उसके ऊपर गोली चलाई गई है। वहीं राजमन की मौत की खबर गांव पहुंची तो वहां तनाव फैल गया। सूचना मिलने पर सिंहपुर पुलिस कुड़िया दुर्गापुर पहुंच गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव में सनी सिंह का भाई दर्पण सिंह सरपंच पद पर चुनाव लड़ रहा है। उप सरपंच रह चुका मृतक राजमन गांव में अच्छा खासा प्रभाव रखता था, लेकिन वह दर्पण और सनी के साथ नहीं था। सनी को यह बात पसंद नहीं आ रही थी।

उसने राजमन को अपने पाले में लाने के कई प्रयास किए लेकिन जब बात नहीं बनी तो उसने बुधवार की रात राजमन की इस कदर पिटाई कर दी कि उसकी मौत हो गई। घटना को दो पक्षीय बनाने के लिए उसने खुद पर गोली चलाई और जख्म लेकर अस्पताल पहुंच गया।

हालांकि अस्पताल में पुलिस ने सनी सिंह को अभिरक्षा में ले लिया है। बताया जाता है कि सनी सिंह पुराना हिस्ट्रीशीटर है। वह नागौद एसडीओपी रहे संतोष डेहरिया पर पूर्व में हमला भी कर चुका है।

भोपाल में 11वीं की छात्रा से रेपः दो लड़के ब्लैकमेल कर रहे थे; मोबाइल की चैट से मां को पता चला

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में 11वीं की छात्रा से कई दिनों से दो लड़के डरा धमकाकर और ब्लैकमेल कर ज्यादती कर रहे थे। इसका खुलासा छात्रा के मोबाइल फोन से हुआ। बुधवार रात मां ने जब बेटी का मोबाइल फोन देखा, तो होश उड़ गए। बेटी के मोबाइल फोन पर आरोपियों के धमकी भरे चैट थे। इसमें कहा गया था कि अगर उसने उनकी बात नहीं मानी या किसी को इसके बारे में बताया तो वे उसे बदनाम कर देंगे। देर रात महिला ने बेटी के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐशबाग में रहने वाली 17 साल की लड़की 11वीं में पड़ती है। लड़की की मां ने बताया कि उनकी बेटी से दो लड़के कई दिनों से दुष्कर्म कर रहे हैं। उनकी बेटी पास ही टेलर ईशान के पास अक्सर कपड़े सिलवाने जाती थी। कपड़ा देने कभी-कभी ईशान घर पर आता था। करीब दो साल पहले ईशान जब घर पहुंचा, तो उस दौरान छात्रा घर पर अकेली थी।

19 जून को होगी परीक्षाः राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा में जिले से 2352 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

शाजापुर (उज्जैन)/ नवप्रदेश। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2021 एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2021 प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर 19 जून 2022 रविवार को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। शाजापुर जिला मुख्यालय पर आयोजित परीक्षा में 09 केन्द्रों पर कुल 2352 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। प्रथम सत्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में सुबह 9.30 से प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षा कक्ष में सुबह 9.45 बजे से 10 बजे तक का समय ओएमआर शीट वितरण एवं प्रविष्टियों के लिए होगा। परीक्षा का समय सुबह 10 से 12 बजे तक का रहेगा। द्वितीय सत्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1.45 से प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षा कक्ष में दोपहर 2 बजे से 2.15 बजे तक का समय ओएमआर शीट वितरण तथा प्रविष्टियों के लिए होगा। परीक्षा का समय दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक का रहेगा। अपर कलेक्टर मंजूषा राय ने बताया कि शाजापुर जिला मुख्यालय पर सीओमा पब्लिक स्कूल में 200 परीक्षार्थी, एमजी कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में 350, कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी में 200, महर्षि विद्यालय में 200, सहज पब्लिक स्कूल में 240, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि में 295, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 01 में 277, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 02 में 300 तथा सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी में 300 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा कक्ष में पहले ली जाएगी तलाशी

केन्द्राध्यक्ष द्वारा परीक्षार्थियों के परीक्षा कक्ष में जाने के पूर्व वीक्षकों द्वारा परिक्षार्थियों की तलाशी लेने की व्यवस्था की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी पूर्ण गरिमा के साथ महिला अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ही ली जा सकेगी।

जिले में दो उडऩदस्ता दल का गठन किया गया है तथा परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में परीक्षार्थियों, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिनकी परीक्षा में ड्यूटी लगी है को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश से रोकने हेतु धारा 144 लागू की गई है। परीक्षा के पर्यवेक्षण हेतु संभागीय पर्यवेक्षक की नियुक्ति मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा की गई है।

दोनों पार्टी ने रोकी लिस्ट; टिकट को लेकर हंगामा

भोपाल में पार्षदों के नाम फाइनल नहीं: कांग्रेस के 15 और भाजपा के 30 वार्डों में पेंच फंसा

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी भोपाल में भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के नाम फाइनल नहीं कर पाई है। कांग्रेस के 15 और भाजपा के 30 वार्डों पर पेंच फंसा है। गुरुवार सुबह से दोनों पार्टी के नेता मीटिंग कर रहे हैं। कई नामों पर सहमति नहीं बन पाई है। इन्हें पार्टी होल्ड पर रखकर बाकी प्रत्याशी घोषित कर सकती है। इधर, टिकट को लेकर बीजेपी दफ्तर में हंगामा भी हो गया। टिकट वितरण से असंतुष्ट दावेदारों ने हंगामा किया। वरिष्ठ नेताओं ने समझाईश देकर शांत किया। कांग्रेस में भी हंगामे जैसी स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस ने 10 दिन तक वार्डो में जाकर मीटिंग की और रायशुमारी करते हुए दावेदारों के बायोडाटा लिए। 85 वार्ड के लिए 500 से ज्यादा बायोडाटा आ चुके हैं। इन पर पूर्व छ्वरू दिग्विजय सिंह के बंगले पर मंथन हो चुका है। 12 जून को ही प्रत्याशी तय हो चुके थे, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के वार्ड से ही चुनाव ल?ने वाले क्राइटेरिया से सारे समीकरण ग?ब?ा गए। फ्रेमिंग चेंज होने के बाद नेता फिर से मंथन करने में जुटे। बावजूद 16 जून की सुबह तक लिस्ट जारी नहीं हो सकी। दरअसल, 15 से ज्यादा वार्ड ऐसे हैं, जहां पर विवाद की स्थित बन रही है। ऐसे में सभी वरिष्ठ नेता असंतुष्ठों को मना रहे हैं। ताकि, एक नाम फाइनल हो सके। इसके चलते ही गुरुवार शाम 6 बजे तक लिस्ट घोषित नहीं हो सकी। जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने बताया, आज रात में या कल सुबह लिस्ट जारी कर देंगे।

बीजेपी नेता फिर बैठे, कुछ वार्ड रख सकते हैं होल्ड पर

बीजेपी में महापौर की तरह ही पार्षदों के नामों पर भी खासा मंथन चल रहा है। दो बार जिला कोर कमेटी की मीटिंग के बावजूद कुछ वार्डों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। इसके चलते गुरुवार सुबह फिर से वरिष्ठ नेता एक जाजम पर बैठे और चर्चा की। बावजूद शाम तक लिस्ट सामने नहीं आ सकी है। बीजेपी नेताओं का कहना है कि रात तक लिस्ट सामने आ सकती है। कुछ वार्ड होल्ड पर रखे जा सकते हैं।

महापौर प्रत्याशी हो चुके घोषित

भाजपा ने मालती राय और कांग्रेस ने विभा पटेल को मेयर कैंडिडेट घोषित किया है। दोनों ने प्रचार भी शुरू कर दिया है, लेकिन पार्षद पदों को लेकर खूब माथापच्ची हो रही है। इसके चलते दावेदार भी पशोपेश में है कि वे नॉमिनेशन भरे या नहीं? हालांकि, उन्होंने फार्म खरीदकर रख लिए हैं।

भाजपा ने मेयर कैंडिडेट तय किया,आप भी करेगी

भोपाल मेयर कैंडिडेट का नाम सबसे पहले कांग्रेस ने किया था। पूर्व महापौर विभा पटेल को फिर से मैदान में उतारा। वहीं, भाजपा ने मालती राय का नाम तय कर लिया। BSP (बहुजन समाज पार्टी) ने प्रिया यदुवंशी मकवाना को मेयर कैंडिडेट घोषित किया है। आम आदमी पार्टी भी जल्द नाम तय करेगी। बीएसपी और आम आदमी पार्टी कुछ वार्डों पर पार्षद प्रत्याशी भी तय कर चुकी है। बीजेपी और कांग्रेस इसमें पीछे है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com